राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
YouTube Facebook Twitter G+ LinkedIn
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023 (Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

सुरत-गुजरात, संस्करण रविवार,23अगस्त2020 वर्ष-3, अंक -207 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## आतंकियों के टारगेट पर था राम मंदिर, आतंकी के पास से मिले 2 प्रेशर कुकर



**नेशनल डेस्क।** मध्य दिल्ली के रिज रोड इलाके से काबू किए गए आंतकी संगठन आईएसआईएस के एक कथित सदस्य ने कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि दिल्ली और यूपी में धमाके करने की साजिश रच रहे था। इतना ही नहीं उसकी अयोध्या में राम मंदिर शिलान्यास के एक महीने के भीतर आतंकी हमला करने की भी योजना थी। दिल्ली डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (छ्ष्ट्क्क) ने बताया कि हमारा ऑपरेशन पिछले 1 साल से चल रहा था। पकड़ा गया आरोपी कई सालों से ढ्ढस्ढ्ढस् से जुड़ा हआ था। उन्होंने बताया कि आतंकी के पास से 2 प्रैसर कुकर ढ्ढश्वष्ठ बम मिले हैं। जिन्हें ये दिल्ली में किसी भीड़भाड़ वाली जगह लगाने आ रहा था। 15 अगस्त के आस-पास ये दिल्ली आने वाला था, परन्तु भारी सुरक्षा व्यवस्था के कारण नहीं आ पाया। अब इसने फिर कोशिश की तो पकड़ा गया। दिल्ली में इस्लामिक स्टेट के कथित आतंकवादी की गिरफ्तारी के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक हितेश चंद्र अवस्थी ने राज्य में अलर्ट जारी कर दिया है और सभी पुलिस अधिकारियों से सतर्कता तथा जरूरी एहतियात बरतने को कहा है। उत्तर प्रदेश के नोएडा में दिल्ली सीमा पर जांच भी बढ़ा दी गई है ।

नोएडा के पुलिस उपायुक्त राजेश एस ने बताया कि दिल्ली से आने और दिल्ली जाने वाले वाहनों तथा यात्रियों की सीमा पर जांच की जा रही है।

## योगी के नमूना कहने पर संजय सिंह का पलटवार, बोले- पहले आप मेरे सवालों का जवाब दीजिए

**लखनऊ।**

यूपी विधानसभा के मॉनसून सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस दौरान सदन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने बिना नाम लिए आप के वरीष्ठ नेता संजय सिंह को नमूना करार दिया। इस पर संजय सिंह ने सीएम योगी पर पलटवार किया है। दरअसल, सीएम योगी ने कहा कि ये दिल्ली की सत्ता में बैठे घिनौने चेहरे हैं, जो कि यूपी की बात करते है, लेकिन दिल्ली में क्या हालत कर दी, उस पर बात नहीं करते। यूपी में प्रति लाख 12 मौतें हुई हैं, जबकि दिल्ली में आंकड़ा 124 है। यूपी में हालात पूरे देश से सबसे बेहतर है। इस पर आप नेता संजय सिंह ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि अगर यूपी में ब्राह्मणों, दलितों ,पिछडो, वंचितों पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा उठाना नमूनापन है तो आप मुझे नमूना कह सकते है, दलितों



,पिछडो, वंचितों पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा उठाना नमूनापन है तो आप मुझे नमूना कह सकते है, लेकिन मुद्दों से भटकाने के बजाय मेरे सवालों का जवाब दीजिये योगी जी।

## मुंबई वासियों ने दिल खोलकर किया बप्पा का स्वागत, तस्वीरों में देखें गणेश उत्सव की झलक

**नेशनल डेस्क।** कोरोना वायरस महामारी और लोगों के आवागमन पर जारी प्रतिबंधों के बीच मुंबई एवं महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में शनिवार को दस दिवसीय गणेश चतुर्थी उत्सव की शुरूआत हुयी, हालांकि इस साल इस त्यौहार में पारंपरिक धूमधाम का अभाव है। महाराष्ट्र सरकार ने गणेशोत्सव के संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि भगवान गणेश की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और इसके विसर्जन से पहले किसी प्रकार का जुलूस नहीं निकाला जाना चाहिये। दिशा-निर्देश में कहा गया कि इस साल सार्वजनिक पंडालों में और घरों में आयोजित होने वाली इस पूजा में भगवान गणेश की प्रतिमा की उंचाई को सीमित कर दिया गया है। पंडालों के लिए प्रतिमा की ऊंचाई अधिकतम चार फुट और घरों पर स्थापना के लिए अधिकतम दो फुट होनी चाहिए। इसके परिणाम स्वरूप घरों में, हाउसिंग सोसाइटियों में और सार्वजनिक पंडालों में गणपति की प्राण प्रतिष्ठा के लिये प्रतिमा खरीदने वाले लोगों की संख्या सीमित रही। महामारी के कारण इस साल इस उत्सव को लेकर उत्साह अपेक्षाकृत कम है। उत्सव को सीमित किये जाने के कारण छोटे कारोबारों पर इसका असर हुआ है। इनमें फूल विक्रेता, मिठाई की दुकान, सजावट के सामान की दुकानें, आभूषणों की दुकानें एवं ट्रांसपोर्टर आदि शामिल हैं। इस महामारी ने कई अन्य लोगों को भी प्रभावित किया है जिनमें कलाकार भी शामिल हैं। हालांकि, दादर जैसे कुछ लोकप्रिय बाजारों में पिछले दो दिन से बड़ी तादाद में लोग आये और उन्होंने सजावट और पूजा आदि के लिये जरूरी समानों की खरीदारी की। मुंबई में लोकप्रिय सावर्जनिक गणेशोत्सव मंडल – लालबागचा राजा – ने इस साल महामारी को देखते हुये उत्सव को रद्द कर दिया है जबकि वडाला की जीएसबी सेवा समिति ने पूजा को अगले साल फरवरी में मेघ शुद्ध चतुर्थी तक के लिये टाल दिया है। जीएसवी सेवा समिति को मुंबई की सबसे धनी समितियों में गिना जाता है। इस साल महामारी के कारण पंडाल की सजावट हर बार की तरह देखने को नहीं मिल रही है और सांस्कृतिक कार्यक्रम की जगह जन जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मुंबई एवं पास पड़ोस के क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। शनिवार की सुबह को भी बारिश जारी रही लेकिन लोग गणपति बाप्पा मोरया के जयघोष के बीच गणपति की प्रतिमा लेने के लिये बाहर निकले। कुछ इलाकों में भगवान का स्वागत करने के लिये आतिशबाजी चलाई गयी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी अपने सरकारी आवास वर्षा में भगवान गणेश का स्वागत किया। कुछ सेलिब्रिटीज एवं राजनेताओं ने भी अपने-अपने घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की। भगवान की प्राण प्रतिष्ठा आज सुबह परंपरागत तरीके से की गयी। इस बीच उत्सव को देखते हुये शहर में सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता कर दी गयी है। स्थानीय पुलिस के अलावा त्वरित कार्य बल की एक कंपनी, एसआरपीएफ की तीन कंपनी, स्थानीय सशस्त्र बल और दंगा नियंत्रण पुलिस की तैनाती की गयी है । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिये त्वरित आपदा बल, बम निरोधक दस्ता और आतंकवाद निरोधक प्रकोष्ठ को भी अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि पांच हजार सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन की सहायता से पुलिस टीम घटनाओं की निगरानी करेगी। गणेश चतुर्थी के उत्सव को विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है। यह उत्सव भगवान गणेश के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

### संक्षिप्त समाचार



## सिंधिया ने मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को मंच पर पहनाई चप्पल

**ग्वालियर।** ग्वालियर - चम्बल सम्भाग में होने वाली 16 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। आज राज्यसभा सासंद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने फूलबाग पर ग्वालियर- चम्बल का भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इस दौरान एक अनोखी तस्वीर सामने आई। जिसमें सिंधिया ने कई महीनों से नंगे पैर रहने वाले प्रद्युम्न सिंह तोमर को चप्पल पहनाई। सिंधिया ने आज फूल बाग मैदान में जैसे ही मंच पर अपना भाषण खत्म किया, ठीक उसके बाद उन्होंने मंच पर ही सबके सामने मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के पैरों में चप्पल पहनाई। इसके बाद सभा में तालियों की आवाज गूंज उठी। दरअसल, प्रद्युम्न सिंह तोमर ने संकल्प लिया था कि जब तक उनके क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निदान नहीं हो जाता, वह नंगे पैर रहेंगे। यहां तक कि शिवराज सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में मंत्री पद की शपथ भी उन्होंने नंगे पैर ली थी। वे अपने अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वह कभी खुद फावड़ा लेकर नालों की सफाई करने उतर जाते हैं, तो कभी सड़क और शौचालयों की सफाई करने लगते। सोशल मीडिया पर उनके ऐसे बहुत से वीडियो वायरल हुए हैं।

## मायावती ने भाजपा को राम के आदर्शों पर चलने की सीख दी



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने की सीख दी और कहा कि सिफ राम राज की बात करने से कुछ नहीं होगा। बसपा प्रमुख ने आज दो ट्वीट किये और कहा कि बीजेपी द्वारा राम राज की बात करने से यूपी की गरीब जनता का विकास और उत्थान नहीं होने वाला और न ही जुल्म ज्यादती से निजात मिलने वाला है। श्रीराम के उच्च आदर्शों पर चल कर सरकार चलाने से ही यह संभव हो सकता है। हालांकि यह सरकार इस पर चलती नजर नहीं आ रही है। उन्होंनें दूसरे ट्वीट में कहा कि खासकर ब्राहम्ण समाज के प्रति बीजेपी की जातिवादी कार्य शैली से दुखी होकर ब्राहम्ण अब बसपा से जुड़ रहे हैं। भाजपा ब्राहम्णों को बरगलाने की पूरी कोशिश कर रही है लेकिन वो अपने इरादे में सफल नहीं होगी और न उसके इरादे पूरे होंगे। बसपा सुप्रीमो ने अपने तीसरे ट्वीट में कहा, ''जबकि जग-जाहिर तौर पर तिलक, तराजू आदि की बात बसपा ने कभी नहीं कही और ना ही बाबरी मस्जिद के स्थान पर कभी शौचालय बनाने की भी बात कही है। ये सब घृणित आरोप विरोधियों ने केवल बसपा को नुकसान पहुँचाने के लिए इन्हें जबरन हमारी पार्टी से जोड़ दिया है, जो अति-निन्दनीय है। इन्हें जबरन हमारी पार्टी से जोड़ दिया है, जो अति-निन्दनीय है। इन्हें जबरन हमारी पार्टी से जोड़ दिया है, जो अति-निन्दनीय है। उन्होंने अपने चौथे ट्वीट में कहा, ''यदि इस आरोप में थोड़ी भी सत्यता होती तो फिर बसपा अपनी पिछली सरकार में खासकर ब्राह्मण समाज के विधायकों को बड़ी संख्या में मन्त्री व अन्य उच्च पदों पर क्यों रखती? वैसे यह समाज सब कुछ जानता है। वे बिल्कुल गुमराह नहीं होंगे। पार्टी को इन पर पूरा भरोसा।

### विधानसभा

## विधानसभा में विपक्ष पर बरसे योगी, कहा-राम और परशुराम में भेद बताने वालों को जनता देगी जवाब

**लखनऊ।**

ब्राह्मण राजनीति के अलावा कोरोना और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर लगातार उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साध रहे विपक्ष को आक्रामक अंदाज में जवाब देते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कोरोना संकटकाल में राम और परशुराम में भेद बताकर गंदी सियासत करने वालों को प्रदेश की जनता समय आने पर जवाब देगी। विधानसभा में अपने करीब एक घंटे के संबोधन में योगी ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और आम आदमी पार्टी (आप) का नाम लिये बगैर निशाना साधते हुये कहा कि कोरोना संकटकाल में सरकार के सभी विधायक और मंत्री राहत कार्य में जुटे हुये हैं वहीं कुछ राम विरोधी लोग भगवान राम और परशुराम में भेद बताकर कुत्सित जातिवाद और संप्रदायवाद की राजनीति कर रहे हैं। वास्तव में उन्हें पता नहीं है कि राम और परशुराम भगवान विष्णु के अवतार हैं। रोम की बात करने वाले भी अब राम-राम रट रहे हैं, उन्हें पता चल चुका है कि अब राम नाम से ही वैतरणी पार होनी है। बसपा सुप्रीमो मायावती का नाम लिये बगैर उन्होंने कहा कि कुछ लोग तिलक-तराजू के नाम पर समाज में जहर घोलते हैं। राम और परशुराम में भेद बताकर गंदी सियासत करते हैं। जातिवादी, विभाजनकारी, कुत्सित मानसिकता वाले दलों को देश की जनता समय आने पर जवाब देगी। उन्होने कहा '' हम सबके लिए यह गौरव की बात है कि 492 वर्षों से चला आ रहा रामजन्मभूमि विवाद खत्म हुआ है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम की ताकत का कुछ लोगों को अंदाजा नहीं था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले साल पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाया था, उसके ठीक एक साल बाद राम मंदिर विवाद को खत्म कर भूमि पूजन कर दिया गया। सपा का नाम लिये बगैर योगी ने कहा '' कुछ लोग धर्म जाति के नाम पर फिर से समाज को बांटने की कोशिश में लगे हुये हैं। ये वे ही लोग हैं, जिन्होंने राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। जो लोग आज जातिवाद का नारा लगा रहे हैं, जब सत्ता में आते हैं तो कन्नौज के नीरज मिश्रा नामक भाजपा कार्यकर्ता का सिर काटकर घुमाते हैं और उस शर्मनाक घटना के बाद भी जनता से माफी नहीं मांगते हैं। मुख्यमंत्री ने रामचरित मानस में धनुष भंग प्रसंग का जिक्र करते हुये कहा ''अगर इन लोगों ने राम और परशुराम को समझा होता तो ऐसा नहीं करते। इस प्रसंग में राम कहते हैं ''राममात्र है लघु नाम हमारा, परशुसहित बड़ नाम तुम्हारा, सब प्रकार हम तुमसन हारे, क्षमहु विप्र अपराध हमारे। भगवान राम ने कहा कि उनमें तो एक गुण है, आपमे नौ गुण हैं। हम तो सब प्रकार से आपसे हारे हैं। आप विप्र हैं। हमारे अपराधों को आप क्षमा करें। इसके बाद साक्षात विष्णु के पूर्णावतार श्रीराम को पहचान कर परशुराम ने कहा ''जय रघुवंश बनज बन भानू, गहन दनुज कुल दहन कृषानू, जय सुर धेनु विप्र हितकारी, जय मद मोह क्रोध भयहारी। विनयशील करूणा गुण सागर, जयति वचन रचना अति सागर। उन्होने कहा कि जातिवादी, विभाजनकारी, कुत्सित मानसिकता रखने वाले लोग देश की खुशी के साथ खुश नहीं हो सकते हैं। देश की खुशी के साथ वही लोग खुश हो सकते हैं जिनमें मर्यादा और धैर्य हो। लोकतंत्र बगैर लोकलाज के नहीं चलता। आप सांसद संजय सिंह का नाम लिये बगैर योगी ने कहा कि दिल्ली से एक नमूना यहां भेजा गया है। जिन लोगों ने कोरोना के समय यूपी और बिहार के लोगों को दिल्ली से बाहर कर दिया था, वह आज यहां आकर उलूल जुलूल बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण पर काबू पाने में उत्तर प्रदेश दिल्ली समेत अन्य राज्यों से अधिक सफल रहा है। उत्तर प्रदेश में प्रति एक लाख पर 12 कोरोना संक्रमितों की मौत हुयी है जबकि दिल्ली में यह आंकड़ा 124 का है। दिल्ली में संक्रमितों का प्रतिशत भी यूपी की तुलना में कई गुना अधिक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता के चलते देश ने कोरोना का मजबूती से सफलतापूर्वक मुकाबला किया है।

## प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर, बाढ़ का मंड़राया संकट

**प्रयागराज।** तीर्थराज प्रयाग में पतित पावनी गंगा और श्यामल यमुना के जलस्तर में पिछले 24 घंटे के दौरान 29 और 31 सेंटीमीटर वृद्धी होने से उफान का क्रम जारी है। कानपुर बैराज से दो दिन पहले छोड़ा गया 2 लाख क्यूसेक पानी के यहां पहुंचने से दोनों नदियों के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। सरस्वती घाट और बलुआघाट स्थित बारादरी की सीढ़ियां पानी में डूब गई हैं। तेजी से बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बाढ़ राहत दल की सभी इकाइयां सक्रिया हो गई हैं। यमुना किनारे 5 स्थानों पर झुग्गी झोपडियों में रहने वालों को हटाया गया। एनडीआरएफ टीम ने तटीय क्षेत्रों सलोरी, छोटा बघाड़ा, राजापुरा, बेली, कछार का दौरा कर यहां रहने वाले लोगों से बातचीत कर सतर्क रहने को कहा है। पीएसी के जवानों ने बलुआघट, बोलट क्लब, बालू मंडी, करैलाबा में झुग्गी झोपड़ी डालकर रहने वाले लोगों को हटा दिया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त आंकडों के अनुसार फाफामऊ में गंगा शनिवार 12 बजे तक 79.10 मीटर, छतनाग 76.68 मीटर और नैनी में यमुना मीटर, छतनाग 76.68 मीटर और नैनी में यमुना का जलस्तर 77.25 मीटर दर्ज किया गया है। दोनों नदियों का जलस्तर शुक्रवार की तुलना में फाफामऊ में 15 सेंटीमीटर, छतनाग में 29 सेंटीमीटर और यमुना में 31 सेंटीमीटर अधिक दर्ज किया गया है। पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश से अब धीरे-धीरे बाढ़ का खतरा दिखाई देने लगा है। पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश से अब धीरे-धीरे बाढ़ का खतरा दिखाई देने लगा है। खतरे का निशान 84.73 है लेकिन दोनों अभी बहुत नीचे बह रही हैं।

## राफेल लड़ाकू विमान सौदे को लेकर पीएम मोदी पर भड़के राहुल गांधी

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राफेल लड़ाकू विमान सौदे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि सच को लाख कोशिश के बाद भी छिपाया नहीं जा सकता। गांधी ने सरकार के राफेल से जुड़ी सूचना कैग को नहीं देने संबंधी एक अखबार में छपी खबर का हवाला देते हुए कहा कि सरकार राफेल घोटाले पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है और तथ्य छिपा रही है। उन्होंने ट्वीट किया, राफेल के लिए भारत सरकार के खजाने से पैसा चुराया गया। इसके साथ ही उन्होंने सच को लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के एक कथन का उद्धरण करते हुए लिखा, च्च् सच एक है, रास्ते कई हैं। उन्होंने राफेल विमान के चित्र के साथ हीइस संबंध



में छपी खबर को पोस्ट किया जिसमें कहा गया है इस संबंध में छपी खबर को पोस्ट किया जिसमें कहा गया है कि नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक-कैग ने राफेल ऑफसेट सौदे को लेकर सरकार को रिपोर्ट सौंपी है जिसमे राफेल पर हुए खर्च का कोई ब्यौरा नहीं है क्योंकि रक्षा मंत्रालय ने कैग को इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

## बीएसएफ की बड़ी कार्रवाई, पंजाब बॉर्डर पर 5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को किया ढेर

**तरनतारन।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पंजाब में शनिवार की सुबह भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 5 घुसपैठियों को ढेर कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान से लगती 3,300 किलोमीटर लंबी सीमा पर एक दशक से भी ज्यादा वक्त में एक ही घटना में घुसपैठियों के मारे जाने की यह सर्वाधिक संख्या है। अधिकारी ने बताया कि बल के जवानों ने पंजाब के तरनतारन जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संदिग्ध गतिविधियां देखी। संदिग्धों से रुकने के लिए कहा गया लेकिन उन्होंने बी.एस.एफ. के जवानों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की और इसमें 5 घुसपैठिए मारे गए। घटना सुबह करीब 4:45 बजे 'डल सीमा चौकी के पास हुई, जो जिले के भिखिवंड कस्बे के पास है। उन्होंने बताया कि घुसपैठिए रायफल लिए थे और भारत में घुसने के लिए ''सरकंडे अथवा ''लंबी घास का सहारा ले रहे थे। बीएसएफ ने तस्वीरों वाला एक कोलाज जारी किया है जिसमें 2 शव एक के ऊपर एक दिखाई दे रहे हैं वहीं तीन शव अलग अलग स्थानों पर घास पर पड़े हैं। तस्वीर में कुछ हथियार और बैग भी दिखाई दे रहे हैं । ये सारे लोग शर्ट अथवा टी-शर्ट और फुल पैंट पहने हैं। बीएसएफ के दूसरे अधिकारी ने बताया कि एक एके 47 रायफल और 2 पिस्तौल बरामद की गईं हैं।

## युपी में कोरोना से 70 और लोगों की मौत, लखनऊ में सबसे अधिक 15 मौतें

**लखनऊ।** पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कोविड-19 से 70 और लोगों की मौत हो गई तथा इस संक्रमण के 5375 नए मामले सामने आए। स्वास्थ्य विभाग की शनिवार की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 संक्रमित 70 और लोगों की मौत हुई है। इनमें लखनऊ में सबसे ज्यादा 15 मौतें हुई हैं। विभाग के अनुसार इसके अलावा प्रयागराज और बरेली में 6-6, गोरखपुर वाराणसी और पीलीभीत में 4-4, कुशीनगर, मुरादाबाद और कानपुर नगर में 3-3, जौनपुर और उन्नाव में 2-2 तथा झांसी, देवरिया, बाराबंकी, आजमगढ़, शाहजहांपुर, गाजीपुर, अयोध्या, महराजगंज, बुलंदशहर, मथुरा, बहराइच, इटावा, कन्नौज, रायबरेली, बदायूं, औरैया, भदोही तथा बांदा में कोविड-19 संक्रमण से एक-एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। राज्य में कोविड-19 से अब तक 2867 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में 5375 नए मरीजों का पता लगा है। इनमें 769 नए मामलों के साथ लखनऊ एक बार फिर शीर्ष पर है। इसके अलावा गोरखपुर में 363, प्रयागराज में 300, कानपुर नगर में 231, मुरादाबाद में 156, वाराणसी में 154, बरेली और बाराबंकी में 134-134, झांसी में 117 और अलीगढ़ में 105 नए मरीजों का पता लगा है। इस अवधि में राज्य में 4638 मरीज कोविड-19 संक्रमण से उबर कर ठीक हुए हैं। झांसी में 117 और अलीगढ़ में 105 नए मरीजों का पता लगा है। इस अवधि में राज्य में 4638 मरीज कोविड-19 संक्रमण से उबर कर ठीक हुए हैं। राज्य में इस वक्त उपचाराधीन मरीज 48294 हैं। राज्य में इस वक्त उपचाराधीन मरीज 48294 हैं।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## भटकता पाकिस्तान

बुनियादी हकीकत को भुला देने वाले मुल्क पाकिस्तान को अगर दुनिया में खुद को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है, तो कोई आश्चर्य नहीं। अरब दुनिया में अलग-थलग पड़ने लगा पाकिस्तान अब चीन को साथ रखने के लिए और भी मजबूर है। पाकिस्तान की जो आक्रामक व अतार्किक नीतियां हैं, उनके मुताबिक कोई भी समझदार, न्यायपूर्ण देश खुलकर उसके साथ खड़ा नहीं हो सकता। यह विडंबना है कि पाकिस्तान को भाग-भागकर उस चीन के पास जाना पड़ता है, जिसे उस धर्म की कतई परवाह नहीं है, जिसके आधार पर कभी पाकिस्तान बना था। जहां नमाज पढ़ने और दाढ़ी रखने पर भी पाबंदी लगाई जा सकती है, वहां पाकिस्तान को किस रूप में होना चाहिए? शायद इस पर पाकिस्तान में कम ही लोग विचार करते हैं। वहां का सत्ता प्रतिष्ठान इतनी गहराई तक भारत विरोधी हो चुका है कि अपने देश की पहचान, आदर्श और संपदा की कीमत पर चीन से दोस्ती खरीदना चाहता है। यह बदलाव उसके भटकाव को ही साबित करता है। जिन मुस्लिम मुल्कों को वह अपना सहोदर मानता था, सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात, उनकी बेरुखी भी पाकिस्तान को सुधार के लिए प्रेरित नहीं कर पाई। पाकिस्तान समझ नहीं पा रहा है कि भारत का वजूद पिछले कुछ दशकों में खुद मुस्लिम मुल्कों में किस कदर मजबूत हो चुका है, तो दूसरी ओर, इन्हीं दशकों में पाकिस्तान का वजूद कितना सिमटता जा रहा है। एक समय था, जब अरब दुनिया में पाकिस्तान की थोड़ी-बहुत सुनी जाती थी, लेकिन विगत चार वर्षों में भारत की व्यापक नीतियां अरब मुल्कों को समझ में आने लगी हैं। इसके अलावा जो धर्म के नाम पर चीन में हो रहा है, वह भी अरब मुल्कों से छिपा हुआ नहीं है। पाकिस्तान इस पर कोई चर्चा नहीं करना चाहता, पर एक समय आएगा, जब यह बात कहीं न कहीं से उठेगी और तब सबसे ज्यादा तकलीफ पाकिस्तान को होगी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री अपने सेना प्रमुख के अरब से लौटते ही चीन पहुंच गए हैं, जहां उनकी चीनी विदेश मंत्री से बात होगी। वहां भले ही यह कहा जा रहा हो कि भारत की कोई चर्चा नहीं होगी, लेकिन यह बात अब छिपी नहीं है कि कश्मीर और भारत विरोधी प्रस्तावों को लेकर संयुक्त राष्ट्र में चीन क्यों सक्रिय नजर आता है। संकेत साफ है, चीन और पाकिस्तान की बातचीत का एक मुख्य मुद्दा भारत ही है। खुद को आर्थिक रूप से गिरवी रखते हुए पाकिस्तान जिस तरह से भारत विरोधी सौदे-साजिशें करता आ रहा है, उसे समझना किसी के लिए भी मुश्किल नहीं है। चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से संकेत भी है, पाकिस्तान-चीन के बीच सीपैक, द्विपक्षीय व अंतरराष्ट्रीय मसलों पर बातचीत होगी, लेकिन साथ ही भारत को चिढ़ाने के लिए उनके विशेषज्ञों ने यहां तक कहा है कि भारत कोविड-19 से लड़ने में अपनी विफलता की खीज चीन और पाकिस्तान पर निकाल रहा है। कहना न होगा, भारत को चिंता की नहीं, सावधान रहने की जरूरत है। पाकिस्तान अपनी भारत विरोधी गलत नीतियों के कारण अकेला पड़ रहा है, साजिश हो या विलाप, चीन उसका आखिरी कंधा है। भारत की रणनीति सही है, जो भी देश लोकतंत्र, न्याय, पारदर्शिता, अमन-चैन और सद्भाव के दुश्मन हैं, हिंसा और आतंक के प्रेमी हैं, उन्हें अकेले बैठना ही पड़ेगा। और हमारा काम है, उन पर चौकस नजर रखना।



## आज के ट्वीट

### बर्बाद

महेश भट्ट, करण जौहर, आदित्य पंचोली, खान गैंग, चोपड़ा गैंग, कपूर गैंग जैसे बॉलीवुड के माफिया समझ रहे थे की वो 'कंगना रनौत' को बर्बाद कर देंगे दाव उल्टा पड़ गया है,अब कंगना अकेले इन माफिया गैंग वालों के बर्बादी की गाथा लिख रही है हर सनातनी को कंगना के साथ मजबूती से खड़ा रहना है.

--अर्णव गोस्वामी

# नीति-नीयत-नेतृत्व की कसौटी पर कांग्रेस

राजकुमार सिंह

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस का नेतृत्व संकट सुलझने के बजाय उलझता ज्यादा दिख रहा है। पिछले साल लोकसभा चुनाव में शर्मनाक प्रदर्शन के बाद अध्यक्ष पद से राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद कांग्रेस वापस सोनिया गांधी की शरण में चली गयी थी। रिकॉर्ड समय तक कांग्रेस अध्यक्ष रहने वाली सोनिया इस बार अंतरिम अध्यक्ष चुनी गयी थीं। इसका अर्थ यही था कि पद त्यागने की राहुल की हठ के मद्देनजर यह अंतरिम व्यवस्था है और कांग्रेस जल्द ही नया अध्यक्ष चुन लेगी, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद ऐसा नहीं हो पाया। बेशक कांग्रेस अपनी इस नाकामी के लिए कोरोना महामारी से उत्पन्न अप्रत्याशित एवं अभूतपूर्व परिस्थितियों को कवच की तरह इस्तेमाल कर सकती है, लेकिन कठोर वास्तविकताओं के प्रति यह शुतुरमुर्गी रवैया अंततः आत्मघाती ही साबित होगा। कांग्रेस खुद अपने इतिहास और देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपनी भूमिका पर गर्व करती है। ऐसे में उसे देश और लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी समझनी होगी। जीवंत लोकतंत्र के लिए सशक्त विपक्ष भी उतना ही जरूरी है, जितनी जिम्मेदार-जवाबदेह सरकार। दरअसल किसी सरकार को जिम्मेदार-जवाबदेह बनाने में सशक्त विपक्ष की भी अहम भूमिका होती है, लेकिन वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद सशक्त विपक्ष जैसे कल्पना की चीज बनकर रह गया है। बेशक लगातार सिकुड़ते जनाधार वाली कांग्रेस की जगह अब लगभग पूरी तरह भाजपा ने ले ली है, तो कई राज्यों में क्षेत्रीय दल ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इसके बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर और कुछ राज्यों में भी सशक्त विपक्ष की भूमिका बिना कांग्रेस के संभव नहीं। पिछली लोकसभा में 44 और वर्तमान लोकसभा में 52 सीटों पर सिमट जाने वाली कांग्रेस भले ही नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल नहीं कर पायी, पर सदन में सबसे बड़ा दल वही है। भाजपा के बाद सबसे ज्यादा राज्यों में भी कांग्रेस की ही सरकारें हैं। ऐसे में तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद कांग्रेस को खारिज कर देना न तो तर्कसंगत है और न ही लोकतंत्र के हित में। पर क्या खुद कांग्रेस को अपनी इस जिम्मेदारी-जवाबदेही का अहसास है? कटु सत्य यही है कि इस प्रश्न का उत्तर न में ही है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के हर फैसले का सोशल मीडिया और प्रेस कानफ्रेंस के जरिये विरोध करने के अलावा सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने में कांग्रेस पिछले छह साल में नाकाम ही रही है। लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है और चुनावी जनादेश को अक्सर सरकार के कामकाज पर जनमत संग्रह मान लिया जाता है। इसलिए फिलहाल मान लेना चाहिए कि आने वाले समय में भी मोदी सरकार, संसद में हासिल बहुमत के बल पर, अपने विजन और एजेंडे के मुताबिक काम करती रहेगी, लेकिन वैकल्पिक दृष्टिकोण पेश करते हुए गुण-दोष के आधार पर उसकी तर्कसम्मत आलोचना-विरोध करने से कांग्रेस को न किसी ने रोका है, न रोक सकता है, पर उसके लिए पहले कांग्रेस को अपना घर दुरुस्त करना होगा। जो राजनीतिक दल साल भर में नया अध्यक्ष न चुन पाये और लंबे अंतराल के बाद मिली मध्य प्रदेश की सत्ता भी अंतर्कलह के चलते गंवा दे, वह अपना घर दुरुस्त होने का दावा तो हरगिज नहीं कर सकता।




आजादी के बाद लगातार और सबसे ज्यादा समय सत्ता में रहने से उत्पन्न अहमन्यतावश कांग्रेस अपनी समस्याओं को आंतरिक बता कर जवाबदेही से मुंह चुराती रही है, पर उसे समझना होगा कि न तो यह किसी परिवार का आंतरिक मामला है और न ही वह कोई कारपोरेट हाउस है। वह एक राजनीतिक दल है, जिसे अपनी रीति-नीति के लिए जनसाधारण के प्रति भी जिम्मेदार-जवाबदेह होना ही पड़ेगा। भ्रष्टाचार और वंशवाद कांग्रेस के विरुद्ध विपक्ष के दो सदाबहार मुद्दे रहे हैं। यह अलग बात है कि दो दशक पहले तक कांग्रेस के विरुद्ध इन्हें कारगर हथियार की तरह इस्तेमाल करने वाले विपक्षी दल भी इन मामलों में अपना दामन पाक-साफ नहीं रख पाये। जनसंघ चुनावी राजनीति में बड़ी भूमिका निभा नहीं पाया और जनता पार्टी में बिखराव के बाद भाजपा 1980 में अस्तित्व में आयी। ऐसे में कांग्रेस को प्रमुख चुनावी चुनौती वामपंथ के अलावा लोकदली-समाजवादी राजनीति से ही मिलती रही, लेकिन बाद में ये दल खुद न सिर्फ उन्हीं कमजोरियों के और भी विद्रूप उदाहरण बन गये, बल्कि सत्ता के लिए कांग्रेस से हाथ भी मिलाते रहे। चाल और चरित्र का यह भेद मिट जाने का अर्थ यह हरगिज नहीं हो सकता कि भ्रष्टाचार और वंशवाद स्वीकार्य मान लिये जायें, लेकिन कांग्रेस-मुक्त भारत का नारा देने वाली भाजपा का निशाना भी अब जिस तरह नेहरू-गांधी परिवार के भी एक अंग (मेनका-वरुण गांधी से कोई परहेज नहीं) तक सीमित रह गया है, उससे नीति-नीयत-नेतृत्व के असली खेल का खुलासा हो ही जाता है। ऐसे में जबकि कांग्रेसनीत संप्रग शासन के कथित भ्रष्टाचार के मामले जांच और अदालती प्रक्रिया में हैं तथा वंशवाद के मामले में वामपंथ के अलावा सभी दल हमाम में एक जैसे नजर आते हैं, तब कांग्रेस की मुख्य कसौटी राजनीतिक भूमिका ही होनी चाहिए। देश का सबसे पुराना और सर्वाधिक समय सत्ता में रहने वाला दल सिर्फ एक ही परिवार पर निर्भरता की हद तक विपन्न कैसे हो गया—इस पर तो कांग्रेस को निश्चय ही आत्मचिंतन करना चाहिए, लेकिन अपने नेतृत्व का फैसला बिना किसी अपराधबोध और शर्मिंदगी के करना चाहिए। पिछले साल चुनावी हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले राहुल गांधी ने अपने परिवार से बाहर के किसी नेता को अध्यक्ष बनाने की सलाह दी थी। अब सामने आया है कि उन्हीं दिनों एक पुस्तक के लिए दिये इंटरव्यू में उनकी बहन, जो अब कांग्रेस महासचिव भी हैं, प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी ऐसी ही राय जतायी थी। पुनः ताजपोशी के कोरस के बीच राहुल की अनिच्छा से लगता है कि वह अपनी सलाह पर कायम हैं, लेकिन नये अध्यक्ष के चुनाव की चर्चाओं के बीच प्रियंका ने अपने विचार बदल लिये हैं। अब उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के हर कार्यकर्ता की यही इच्छा है कि राहुल ही अध्यक्ष पद संभालें। पिछले साल राहुल के इस्तीफा देने के बाद नये अध्यक्ष के चुनाव की चर्चाओं के बीच तो कुछ नेताओं की महत्वाकांक्षाओं को हवा मिली थी, लेकिन सोनिया के अंतरिम अध्यक्ष-काल में यह धारणा और भी मजबूत हुई है कि फिलहाल तो मां-बेटे ही एक-दूसरे का विकल्प हैं। जाहिर है, ऐसी स्थिति किसी भी राजनीतिक दल में आंतरिक लोकतंत्र की सुखद तस्वीर पेश नहीं करती, लेकिन ऐसा अचानक नहीं हुआ है। ऐसा तब होता है, जब लोकतंत्र का पहरुआ होने का दम भरने वाले राजनीतिक दल खुद ही वास्तविक आंतरिक लोकतंत्र को तिलांजलि देकर प्रतीकात्मक औपचारिकताओं से काम चलाने लगते हैं और संगठन चुनाव के बजाय मनोनयन से चलने लगता है। ऐसे में जनाधार वाले स्वाभिमानी नेता किनारा कर लेते हैं या किनारे कर दिये जाते हैं और दरबारी केंद्रीय भूमिका में आ जाते हैं। कहना नहीं होगा कि कांग्रेस से शुरू हुई यह राजनीतिक विकृति तेजी से दूसरे दलों में भी फैल रही है। जनाधार वाले नेताओं से लगभग रिक्त कांग्रेस का किसी भरोसेमंद को खडाऊं अध्यक्ष बनाने से बेहतर होगा कि राहुल गांधी ही ट्विटर राजनीति से आगे बढ़कर मोदी और भाजपा से सीधा मोर्चा लेते हुए कांग्रेस के कायाकल्प की चुनौती स्वीकारें, क्योंकि अब कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ ज्यादा नहीं बचा है। और फिर राजनीति तो है ही असीमित संभावनाओं का खेल। कौन जानता है कि विकल्पहीनता से उपजते शून्य में कांग्रेस को प्रासंगिक बनाने का श्रेय राहुल गांधी के ही भाग्य में लिखा हो।

## ज्ञान गंगा

### अहंकार

श्रीराम शर्मा आचार्य

साधन सम्पन्न का पतन होते ही समाज में उसकी असहनीय अप्रतिष्ठा होने लगती है। लोग पहले जितना उसका मान सम्मान और आदर सत्कार किया करते थे, उसी अनुपात से अवमानना करने लगते हैं। आदर पाकर अपमान मिलने पर कितनी पीड़ा कितना दुख और कितना आत्म संताप मिलता होगा, इसको तो कोई भुक्तभोगी ही जान सकता है। अहंकार भयानक शत्रु के समान होता है। इससे क्या रिक्त और क्या सम्पन्न सभी व्यक्तियों को सावधान रहना चाहिए। यह जिसको अपने वश में कर लेता है, उसे सदा के लिए नष्ट कर डालता है। प्रकट अहंकार की हानियां तो प्रकट ही है। गुप्त अहंकार भी कम भयानक नहीं होता। बहुत लोग चतुरता के बली पर समाज में अपने अहंकार को छिपाये रहते हैं। ऊपर से बड़े विनम्र और उदार बने रहते हैं, किन्तु अन्दर ही अन्दर उससे पीड़ित रहा करते हैं। ऐसे मिथ्या लोग उदारता दिखलाने के लिए कभी-कभी परोपकार और परमार्थ भी किया करते हैं। दान देते समय अथवा किसी की सहायता करते समय बड़ी निस्पृहता प्रदर्शित करते हैं, किन्तु अन्दर ही अन्दर लोकप्रियता, प्रशंसा और प्रकाशन के लिए लाभान्वित बने रहते हैं। कई बार तो जब उनकी यह कामना, आकांक्षा अपूर्ण रह जाती है, उतनी लोकप्रियता अथवा प्रशंसा नहीं पाते, जितनी कि वे चाहते हैं, तो वे अपने परोपकार परमार्थ अथवा दानपुण्य पर पश्चाताप भी करने लगते हैं और बहुधा आगे के लिए अपनी उदारता का द्वार ही बन्द कर देते हैं। ऐसे मानसिक चोर अहंकारियों को अपने परमार्थ का भी कोई फल नहीं मिलता। परमार्थ कार्यों में अहंकार का समावेश अमृत में विष और पुण्य में पाप का समावेश करने के समान होता है। वैसे तो अहंकारी कदाचित ही उदार अथवा पुण्य परमार्थी हुआ करते हैं। पाप का गट्ठर सिर पर रखे कोई पुण्य में प्रवृत्त हो सकेगा-यह सन्देहजनक है। स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए रोगी को पहले रोग से मुक्त होना होगा। रोग से छूटने से पहले ही यदि वह स्वास्थ्यवर्धक व्यायाम में प्रवृत्त हो जाता है तो उसका मन्तव्य पूरा न होगा। लोक-परलोक का कोई भी श्रेय प्राप्त करने में अहंकार मनुष्य का सबसे विरोधी तत्व है। लौकिक उन्नति अथवा आत्मिक प्रगति पाने के लिए किए जाने वाले प्रयत्नों में अहंकार का त्याग सबसे प्रमुख प्रयत्न है।




# बदले हालात ट्रंप के लिए चुनौती

एन. के. सोमानी

तीन नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव की बिसात बिछ चुकी है। मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला दो बार उपराष्ट्रपति रह चुके डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन के साथ है। हालांकि, कोरोना संक्रमण के चलते चुनावों में वह उत्साह और रोमांच का माहौल दिखाई नहीं दे रहा है, जिसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव दुनियाभर में जाने जाते हैं। इसके बावजूद दोनों प्रमुख उम्मीदवार चुनाव मैदान में हर उस हथकंडे की आजमाइश कर रहे हैं, जिसके जरिए वो अपने प्रतिद्वंद्वी को मात दे सकें। अब, डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में भारतीय-अफ्रीकी मूल की सीनेटर कमला हैरिस को मैदान में उतारकर रिपब्लिकन उम्मीदवार व मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने चुनौती पेश कर दी है। बाइडेन के पास बराक ओबामा जैसे कुशल व सफल राष्ट्रपति के साथ आठ वर्ष उपराष्ट्रपति पद पर काम करने का व्यावहारिक अनुभव है। वे इन चुनावों में 'ब्लेक एंड व्हाइट' के कॉम्बिनेशन के सहारे आगे बढ़ना चाहते हैं। दरअसल, अमेरिका में पिछले दिनों अश्वेत अमेरिकी नागरिक जॉर्ज फ्लॉयड की पुलिस हिरासत में हुई मौत के बाद ट्रंप प्रशासन का जो रुख रहा, उससे अश्वेतों में सरकार के खिलाफ गुस्सा है। बाइडेन अश्वेतों के इसी गुस्से को ट्रंप के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल करना चाहते हैं। उन्हें एक ऐसे चेहरे की तलाश थी, जो अश्वेत अमेरिकी नागरिकों की सरकार विरोधी भावनाओं का लाभ दिलाने के साथ-साथ 'हाउडी मोदी' और 'नमस्ते ट्रंप' के चलते भारतीय समूह के मतदाताओं में बने ट्रंप के प्रभाव को कम कर सके। वे जानते हैं कि इस काम के लिए हैरिस से बढ़कर दूसरा दमदार चेहरा कोई और नहीं हो सकता है। हालांकि, नस्लीय भेदभाव को लेकर हैरिस और बाइडेन के बीच भी वैचारिक मतभेद रहे हैं। पार्टी के अंदर और बाहर अनेक अवसरों पर दोनों एक-दूसरे की आलोचना कर चुके हैं। एक डिबेट में भी उन्होंने बिडेन पर नस्लवाद को बढ़ावा देने के आरोप लगाए थे। सच तो यह है कि कमला, बाइडेन की कुछ नीतियों की शुरू से ही विरोधी रही हैं। उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार घोषित किये जाने से पहले हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति चुनाव के लिए दावेदारी पेश की थी। हालांकि प्राइमरी चुनावों में वो बाइडेन और बर्नी सैंडर्स से पिछड़ने के बाद बाइडेन के समर्थन की घोषणा करके चुनाव मैदान से हट गयी थीं। 55 वर्षीय कमला हैरिस को अमेरिका में भारतीय और अफ्रीकी अमेरिकी के तौर पर जाना जाता है। पार्टी उन्हें नस्लीय समानता का प्रतीक बताकर प्रचार कर रही है। वो जितनी भारतीय मूल की हैं, उतनी ही अफ्रीकी मूल की भी हैं। उनकी मां श्यामला गोपालन भारत के तमिलनाडु राज्य की थी। कमला के अश्वेत पिता डोनाल्ड हैरिस जमैका के हैं। सामान्यतया अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों को डेमोक्रेटिक पार्टी का समर्थक माना जाता है। यही कारण है कि चाहे पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा रहे हों या पूर्व विदेशमंत्री हिलेरी क्लिंटन, सभी ने भारतीयों को साधने वाली नीतियों का समर्थन किया है। पिछले दिनों जब ट्रंप ने एच-1बी वीजा पर सख्त प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया तो डेमोक्रेट्स ने ट्रंप के निर्णय की आलोचना करते हुए आदेश को बदलने की मांग की थी। अब कमला को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाकर डेमोक्रेट्स भारतीयों के साथ ही अफ्रीकी मूल के नागरिकों को भी यह संदेश देना चाहते हैं कि उनकी पार्टी हमेशा अल्पसंख्यक अमेरिकी नागरिकों के साथ खड़ी रहेगी। दूसरी ओर, अमेरिका के भीतर भारतीय मूल के मतदाताओं का एक वर्ग ऐसा भी है, जिनका मानना है कि हैरिस स्वयं को भारतीय मूल की कहलाने के बजाय अमेरिकी या अफ्रीकी मूल की कहलवाना ज्यादा पंसद करती है। विदेश नीति के मुद्दों की समझ उनमें नहीं है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने और उसके बाद लगे प्रतिबंधों को लेकर कमला का भारत विरोधी रुख सामने आया। ऐसे में लोगों को इस बात का भी संदेह है कि वह भारत से जुड़े मुद्दों को निपटाने में सक्षम होंगी। 2015 की यूएस की जनगणना के मुताबिक अमेरिका में रहने वाले प्रवासी भारतीयों की संख्या 2.4 मिलियन है। यहां भारतीय मूल के वोटरों की संख्या 15 लाख के करीब है। न्यूयॉर्क, शिकागो जैसे कई मेट्रोपोलिटिन एरिया हैं जहां भारतीय मूल के लोग चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। लेकिन अमेरिका का राजनीतिक इतिहास कुछ और ही है। अमेरिका में अभी तक केवल दो बार कोई महिला उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनी है। 1984 में डेमोक्रेट गेराल्डिन फेरारो और 2008 में रिपब्लिकन सारा पालिन को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया गया था लेकिन जीत अब तक किसी भी उम्मीदवार को नहीं मिली। निसंदेह ट्रंप अपने चुनाव अभियान व प्रेसीडेंशियल बहस में यह बात जरूर उठाएंगे कि डेमोक्रेटिक पार्टी में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच वैचारिक मतभेद हैं।



# आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें। |
| वृषभ | पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। रुपये पैसे के लेन देन में सावधानी रखें। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। ससुराल पक्ष से तनाव मिलेगा। |
| मिथुन | जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। |
| कर्क | आर्थिक योजना फलीभूत होगी। धन पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। अनावश्यक व्यय से मन अशान्त रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। |
| सिंह | राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। व्यवसायिक व पारिवारिक योजना सफल रहेगी। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। प्रियजन भेंट संभव। |
| कन्या | संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। व्यर्थ की भागदौड़ भी रहेगी। |
| तुला | जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। आमोद-प्रमोद के साधनों में वृद्धि होगी। |
| वृश्चिक | व्यावसायिक योजना सफल होगी। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। |
| धनु | पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है। विरोधियों का पराभव होगा। वाद विवाद की स्थिति आपके हित में न होगी। |
| मकर | दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। अनावश्यक कष्टों का सामना करना पड़ेगा। |
| कुम्भ | बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। शासन सत्ता से तनाव मिलेगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी। |
| मीन | गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। खान-पान में संयम रखें। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है। |



## पूर्णबंदी के बाद 60 लाख से अधिक लोगों ने किया हवाई सफर

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के कारण लागू पूर्णबंदी के बाद घरेलू उड़ानों की दुबारा शुरुआत से अब तक 60 लाख से अधिक यात्री हवाई सफर कर चुके हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज एक ट्वीट में यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा ''हमारे आसमान और हवाई अड्डों पर गतिविधियां तेज हैं। 25 मई से अब तक 67,602 उड़ानों में 60 लाख से अधिक लोग यात्रा कर चुके हैं। कोविड-19 के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए देश में नियमित यात्री उड़ानें 25 मार्च से बंद कर दी गई थीं। दो महीने बाद 25 मई से कई नये प्रावधानों के साथ सीमित संख्या में नियमित घरेलू यात्री उड़ानों की अनुमति दी गई है। नियमित अंतररष्ट्रीय यात्री उड़ानें अब भी बंद हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को घरेलू मार्गों पर 861 नियमित यात्री उड़ानों का परिचालन हुआ। इनमें 78,968 लोगों ने यात्रा की।

## गॉडफ्रे फिलिप्स का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 53.56 प्रतिशत घटकर 55.09 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** सिगरेट कंपनी गॉडफ्रें फिलिप्स का चालू वित्त वर्ष की 30 जून को समाप्त पहली तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 53.56 प्रतिशत घटकर 55.09 करोड़ रुपये रह गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 118.63 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल परिचालन आय 41.33 प्रतिशत घटकर 503.60 करोड़ रुपये रह गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 858.49 करोड़ रुपये रही थी। तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च 440.85 करोड़ रुपये है। यह इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 681.75 करोड़ रुपये से 35.55 प्रतिशत कम है। गॉडफ्रे फिलिप्स के प्रमुख सिगरेट ब्रांड में फोर स्कावयर, रेड एंड व्हाइट, कैवेंडर्स, टिपर और नॉर्थ पोल शामिल हैं। इसके अलावा कंपनी फिलिप मॉरिस के साथ लाइसेंस करार के तहत मार्लबोरो ब्रांड का विनिर्माण और वितरण भी करती है। गॉडफ्रे फिलिप्स के प्रमुख सिगरेट ब्रांड में फोर स्कावयर, रेड एंड व्हाइट, कैवेंडर्स, टिपर और नॉर्थ पोल शामिल हैं। इसके अलावा कंपनी फिलिप मॉरिस के साथ लाइसेंस करार के तहत मार्लबोरो ब्रांड का विनिर्माण और वितरण भी करती है।

## सरकार ने हॉलमार्किंग केंद्रों के पंजीकरण के लिए ऑनलाइन प्रणाली शुरू की



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने शक्रवार को सोने की जांच और हॉलमार्किंग केंद्रों के पंजीकरण और लाइसेंसों के नवीकरण के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली की शुरुआत की। पासवान ने वीडियो कांफ्रेस से प्रणाली का उद्घाटन करने के बाद कहा कि ऑनलाइन प्रणाली से उन जौहरियों और उद्यमियों के लिए कारोबार सुगमता बढ़ेगी, जिन्होंने हॉलमार्किंग केंद्र बनाया है या बनाना चाहते हैं। अभी सोने की हॉलमार्किंग करना स्वैच्छिक है। हालांकि, जून, 2021 से इस कारोबार में हॉलमार्किंगह अनिवार्य हो जाएगी और तब सर्राफा दुकानदारों द्वारा बेचे जाने वाले सोने के लिए हॉलमार्क गुणवत्ता प्रमाणीकरण जरूरी होगा। अभी देश में 234 जिलों में 921 हॉलमार्किंग केंद्र हैं। पासवान ने कहा सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग अनिवार्य होने के बाद पंजीकरण कराने वाले जौहरियों की संख्या बढ़कर पांच लाख पहुंच जाएगी। अभी यह मात्र 31,000 है। ऑनलाइन प्रणाली के तहत नया केंद्र स्थापित करने या मौजूदा लाइसेंस के नवीकरण के लिए आवेदन ऑनलाइन किया जा सकेगा।

# चीनियों को वीजा पर पाकिस्तान जैसी सख्ती की तैयारी



**नई दिल्ली।**

भारत-चीन संबंध लद्दाख में सीमा पर तनाव को कम करने के लिए हो रही बातचीत के बावजूद तनावपूर्ण हैं। ऐसी स्थिति में सरकार कुछ चीनी थिंक टैंक, व्यापार मंचों और वकालत से जुड़े लोगों के लिए पूर्व स्कीनिंग और क्लीयरेंस के आधार पर वीजा दे रही है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक विदेश मंत्रालय के एक आधिकारिक नोट के मुताबिक एंटिटीज़ ऑफ कंसर्न का जिक्र किया गया है। जिसमें कहा गया है कि भारत में गतिविधियों पर बारीकी से निगरानी करने के लिए एंटिटी ऑफ कंसर्न द्वारा स्पॉन्सर्ड वीजा को पूर्व में ही सिक्योरिटी क्लियरेंस की आवश्यकता होगी। ऐसे मामलों में पूर्व सुरक्षा मंजूरी दिल्ली में सरकार द्वारा दी जाएगी। मंत्रालय द्वारा जुलाई के आखिर में मिले नोट के मुताबिक चीनी सरकार ने एक आउटरीच प्रणाली का निर्माण किया है, जिसमें दुनियाभर के थिंक टैंक और व्यापार मंच शामिल हैं, जिनका उद्देश्य रणनीतिक हितों वाले देशों के वर्गों को प्रभावित करना है. इसमें से कुछ संस्थाओं को नीति निर्माताओं, थिंक टैंक, राजनीतिक दलों, नेताओं, कॉर्पोरेट, शिक्षाविदों और रिसर्च और कुछ जासूसी के लिए भी जाने जाते हैं. वीजा देने के लिए पाकिस्तान के लिए भी नियम समान हैं। सरकार के इस कदम को लद्दाख में ग्रष्ट पर बीजिंग और दिल्ली के बीच बिगड़ते रिश्तों के तौर पर देखा जा रहा है। सरकार के सूत्रों के मुताबिक , और छुह सहित विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के टाई-अप की भी समीक्षा की जा रही है। सरकारी सूत्रों का ये भी कहना है कि बीजिंग के साथ संबंध पर 360 डिग्री रिव्यू सरकार में हाई लेवल पर की गई है।

इसमें सक्रिया दवा सामग्री दवा के चीन के साथ आयात चिंता का क्षेत्र है। अधिकारी ने ये भी कहा है कि ऐसे में चीन द्वारा इस क्षेत्र में कटौती से दवाओं की कमी या उनका मूल्य प्रभावित हो सकता है। एक रिसर्च समूह की गई सिफारिशों म के आयात में कमी की सिफारिश की गई है। ये कम समय में चीन पर निर्भरता को कम करने के लिए बेहद कठिन होगा, क्योंकि चीन का 67 फीसदी सोर्स है।

## नएसई ने एनडीटीवी पर लगाया 5.36 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की टीवी समाचार प्रसारक कंपनी नयी दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड (एनडीटीवी) ने शनिवार को कहा कि उसके बोर्ड में छठे निदेशक की नियुक्ति में देरी के लिए शेयर बाजार एनएनई ने उस पर 5.36 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बीएसई इसर वजह से कंपनी पर 5.36 लाख रुपये का जुर्माना पहले ही लगा चुका है। एनडीटीवी ने शेयर बाजार को बताया, 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने 21 अगस्त 2020 के पत्र/ ईमेल के जरिए इस मामले में देरी के लिए कंपनी पर जीएसटी सहित 5,36,900 रुपये का जुर्माना लगाने की सूचना दी है।' कंपनी पर जीएसटी सहित 5,36,900 रुपये का जुर्माना लगाने की सूचना दी है।' इससे पहले कंपनी ने 30 मार्च और 29 जून को सेबी को बताया था कि वह कोविड-19 महामारी के चलते बोर्ड में छठे निदेशक की नियुक्ति के लिए उम्मीदवार का चयन नहीं कर पा रही है।

## नयी कृषि-उपज मंडी व्यवस्था में भी अनाज की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद जारी रहेगी: तोमर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि कृषि-उपज विपणन व्यवस्था में हाल के कानूनी सुधारों के बाद भी किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर विभिन्न फसलों की खरीद जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कृषि विपणन सुधार किसानों के कल्याण के लिए किए गए हैं। उन्होंने राज्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि हाल में शुरू कए गए एक लाख करोड़ रुपये के कृषि संरचना कोष का लाभ छोटे और सीमान्त किसानों को मिल सके। एक आधिकारिक बयान के अनुसार तोमर ने शक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कृषि मंत्रियों के साथ हालिया कृषि विपणन सुधारों पर बैठक की। साथ ही इस बैठक में कृषि संरचना कोष पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री तथा बिहार, हिमाचल प्रदेश और गुजरात के कृषि मंत्री शामिल हुए। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री पुरषोत्तम रूपाला और कैलाश चौधरी ने भी बैठक संरचना कोष का पूरा लाभ छोटे और मझोले किसानों तक पहुंचना चाहिए। देश में कुल किसानों में छोटे और मझाले किसानों की संख्या 85 प्रतिशत है। इसके अलावा कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार जो नया अध्यादेश लेकर आई है ।

## विश्व बैंक की चेतावनी: कोरोना की वजह से बेहद गरीब हो सकते हैं दुनिया के 10 करोड़ से ज्यादा लोग

**बिजनेस डेस्क।**

कोरोना वायरस महामारी और अर्थव्यवस्था की बंदी से वैश्विक अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लगा है, खासकर गरीब देशों को। विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविड मालपास ने कहा है कि कोरोना वायरस की वजह से पूरी दुनिया में 10 करोड़ से ज्यादा लोग बेहद गरीबी में जीवन गुजारने को मजबूर होंगे। विश्व बैंक ने चेतावनी दी कि यदि महामारी लंबे समय तक रही, तो यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। जबकि इससे पहले मालपास ने अपने प्रमुख वैश्विक आर्थिक संभावा रिपोर्ट से विश्लेषण वाले अध्ययन जारी करने के मौके पर संवाददाताओं से कॉन्फ्रेंस कॉल में कहा था कि, मौजूदा अनुमानों से पता चलता है कि 2020 में छह करोड़ लोग अत्यंत गरीब हो जाएंगे। हालांकि, इस अनुमान में और बढ़ोतरी की आशंका है। जिस तेजी से कोविड-19 महामारी और उसकी वजह से अर्थव्यवस्था को बंद किए जाने से दुनियाभर के गरीबों की बुरी हालत हुई है, वह आधुनिक समय के लिए बेहद असाधारण स्थिति है।



मालपास ने आगे कहा कि अमीर देशों को गरीब देशों की मदद के लिए आगे आना पड़ेगा। ऐसा होने पर ही इतनी बड़ी आबादी को प्रभावित होने से कुछ हद तक बचाया जा सकेगा। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा करने की आड़ में अमीर देश गरीब देशों का शोषण भी कर सकते हैं। मालूम हो कि दुनिया के 20 सबसे अमीर अर्थव्यवस्था वाले देशों ने गरीब देशों से पैसों की वसूली को इस साल रोक दिया है। लेकिन यह काफी नहीं है।

दुनिया के 100 गरीब देशों के लिए विश्व बैंक ने जून 2021 तक 12 लाख करोड़ रुपए की राहत की घोषणा की है।लेकिन इसके बावजूद रोजाना 142.5 प्रतिदिन की कमाई वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। नौकरियों के जाने और फूड सप्लाई चैन के सही तरीके से काम न करने से भी इतनी बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है। लेकिन इसके बावजूद रोजाना 142.5 प्रतिदिन की कमाई वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है।

नौकरियों के जाने और फूड सप्लाई चैन के सही तरीके से काम न करने से भी इतनी बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है।

## आईईएक्स हरित बाजार में अक्षय ऊर्जा की बिक्री करने वाली पहली कंपनी बनी एम्प्लस सोलर

**नयी दिल्ली।** एम्प्लस सोलर इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्सचेंज (आईईएक्स) के ग्रीन टर्म एहेड मार्केट (जीटीएएम) में अक्षय ऊर्जा की बिक्री करने वाली पहली सौर बिजली उत्पादक बन गई है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आईईएक्स के जीटीएएम में कारोबार हाल में शुरू हुआ है। आईईएक्स पर जीटीएएम अक्षय ऊर्जा (आरई) उत्पादकों को हरित ऊर्जा की बिजली का अवसर प्रदान करता है, जिसके जरिये खरीदार अपनी ऊर्जा खरीद प्रतिबद्धताओं (आरपीओ) को पूरा कर सकते हैं। कंपनी ने बयान में दावा किया कि नए केंद्रीय बिजली नियामक आयोग (सीईआरसी) के नए नियमों के तहत वह जीटीएएम में कारोबार करने वाली पहली सौर बिजली उत्पादक हो गई है। कंपनी ने कहा कि आईईएक्स पर पेश देश के पहले जीटीएएम पर उसने 20 अगस्त, 2020 को खुले बाजार के जरिये सौर बिजली की बिक्री की। बयान में कहा गया है कि सीईआरसी से 17 अगस्त, 2020 को मंजूरी मिलने के बाद आईईएक्स ने अपने बिजली कारोबार मंच पर जीटीएएम की शुरुआत की थी। बयान में कहा गया है कि यह डिस्कॉम या वाणिज्यिक और औद्योगिक श्रेणी में बड़े बिजली ग्राहकों जैसी उन इकाइयों के लिए बड़ा स्रोत है जिनके पास आरपीओ है।

# ऑयल इंडिया को पहली तिमाही में 249 करोड़ रुपये का घाटा हुआ




**नई दिल्ली।**

सार्वजनिक क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल) को चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून की तिमाही में शुद्ध घाटा हुआ है। कच्चे तेल की कीमतें उत्पादन लागत से नीचे आने की वजह से कंपनी को घाटा उठाना पड़ा है। कंपनी के इतिहास में यह दूसरा मौका है जबकि उसे तिमाही के दौरान घाटा हुआ है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में ऑयल इंडिया को 248.61 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 624.80 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। ऑयल इंडिया के निदेशक वित्त हरीश माधव ने कहा, 'ऑयल इंडिया के इतिहास में यह दूसरा तिमाही घाटा है। इससे पहले 2018-19 में कंपनी को तिमाही घाटा हुआ था।' उन्होंने कहा कि इसकी मुख्य वजह कीमतों में गिरावट है। इस दौरान कंपनी को प्रत्येक बैरल तेल के उत्पादन पर 30.43 डॉलर की कीमत की प्राप्ति हुई। वहीं एक साल पहले समान तिमाही में कंपनी को प्रत्येक बैरल उत्पादन पर 66.33 डॉलर प्राप्त हुए थे। माधव ने कहा हमारी उत्पादन लागत 32-33 डॉलर प्रति बैरल बैठती है।


कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट पहली तिमाही में घाटे की मुख्य वजह है। ऑयल इंडिया ने अप्रैल-जून की तिमाही में 7.5 लाख टन कच्चे तेल का उत्पादन किया। एक साल पहले समान तिमाही में कंपनी का कच्चे तेल का उत्पादन 8.1 लाख टन रहा था। इसी तरह कंपनी का प्राकृतिक गैस का उत्पादन भी मामूली घटकर 68 करोड़ घनमीटर रह गया, जो 2019-20 की पहली तिमाही में 71 करोड़ घनमीटर रहा था।

माधव ने बताया कि पहली तिमाही में प्राकृतिक गैस के उत्पादन पर प्राप्ति घटकर 2.39 डॉलर प्रति इकाई या एमएमबीटीयू रह गई, जो पहले 3.23 डॉलर प्रति इकाई रही थी। ऑयल इंडिया की गैस के उत्पादन की लागत 2.3 डॉलर प्रति इकाई रहा। माधव ने कहा कि गैस के उत्पादन पर प्राप्ति ठीक रही, लेकिन तेल के उत्पादन पर प्राप्ति घटने की वजह से कंपनी को नुकसान हुआ।

## गडकरी ने लॉन्च की 'हरित पथ' ऐप, सड़क किनारे पेड़ों पर रखेगी नजर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क निर्माण की लागत को कम से कम 25 प्रतिशत कम करने तथा राजमार्ग निर्माण में आधुनिक और हरित प्रौद्योगिकियों के उपयोग की आवश्यकता पर शुक्रवार को जोर दिया। सड़क परिवहन मंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे वृक्षारोपण की निगरानी के लिये एक मोबाइल ऐप %हरित पथ% भी पेश की। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 'नयी हरित राजमार्ग नीति (पौधारोपण)' की समीक्षा की। उन्होंने सड़क निर्माण में नयी प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण की लागत में 25 प्रतिशत की कमी लाना मंत्रालय का लक्ष्य होना चाहिये। गडकरी के पास सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रम (एमएसएमई) मामलों के मंत्रालय का भी प्रभार है। बयान में कहा गया, 'मंत्री ने जिओ-टैगिंग और वेब आधारित जीआईएस सक्षम निगरानी उपकरणों के माध्यम से वृक्षारोपण की निगरानी के लिये एक मोबाइल ऐप हरित पथ पेश किया। इस ऐप को एनएचएआई ने सभी वृक्षारोपण योजनाओं के तहत रोपे गये प्रत्येक पेड़ के स्थान, वृद्धि, प्रजातियों के विवरण, रखरखाव गतिविधियों, लक्ष्यों और उपलब्धियों की निगरानी के लिये विकसित किया है।'

## विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ाने को पर्यावरणीय, राजकीय मुद्दों पर ध्यान दे भारत : अघी



**वाशिंगटन।**

भारत-अमेरिका कंपनी जगत की प्रमुख हस्ती मुकेश अघी ने कहा है कि भारत को बड़े विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पर्यावरणीय, सामाजिक, राजकीय (ईएसजी) मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। उनका कहना है कि देश को सालाना आठ-नौ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के लिए निरंतर कम से कम 100 अरब डॉलर वार्षिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) हासिल करना होगा। अघी भारत -अमरीका रणनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष हैं। उन्होंने ध्यान दिलाया कि विश्व में सालाना 45 हजार अरब डॉलर का निवेश होता है। इसमें से 12 हजार अरब डॉलर के निवेश के पीछे पर्यावरणीय, सामाजिक, राजकीय कारक काम कर रहे होते हैं। अघी ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा भारत यदि बड़े पैमाने पर दीर्घकालिक निवेश करने वाले संस्थागत निवेशकों को आकर्षित करना चाहता है, तो उसे ईएसजी कारकों पर गौर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर रैंकिंग में भारत अब बहुत नीचे 130-133वें स्थान पर है।... अब केवल विश्वबैंक की रैंकिंग ही नहीं देखी जाती। निवेशक उन कंपनियों को पुरस्कृत कर रहे हैं जो ईएसजी कारकों को ध्यान में रखती हैं। उन्होंने कहा कि भारत को आठ-नौ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करनी है, तो देश को निरंतर कम से कम 100 अरब डॉलर वार्षिक का निवेश आकर्षित करना होगा। यूएसआईएसपीएफ इसी माह अपनी तीसरी नेतृत्व शिखर-बैठक का आयोजन करने वाला है। यह सम्मेलन एक सप्ताह चलेगा। इसे संबोधित करने वालों में विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी उप-राष्ट्रपति माइक पेंस भी होंगे। पेंस फोरम के चेयरमैन जॉन चैम्बर्स के साथ बातचीत करेंगे।

## चीन पर निर्भरता कम करने के लिए भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने शुरू की नई पहल

**नई दिल्ली।**

भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने चीन पर निर्भरता को कम करने के लिए त्रिपक्षीय सप्लाई चेन रेजिलिएशन इनिशिएटिव के शुभारंभ के लिए विचार-विमर्श शुरू किया है। यह पहल जापान द्वारा पहले प्रस्तावित की गई थी और अब इसे अंजाम दिया जा सकता है। इन देशों के अधिकारी इन तीन देशों के वाणिज्य और व्यापार मंत्रियों की पहली बैठक आयोजित करने की तारीखों पर काम कर रहे हैं। इससे पहले, जापान ने अपने अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के माध्यम से भारत से संपर्क किया था और इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए आग्रह किया था। लद्दाख में चीन के साथ तनाव के बीच भारत ने इस प्रस्ताव को काफी गंभीरता से लिया है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनने का निर्णय, जो संभावित रूप से चीन के विकल्प के रूप में है, कथित तौर पर भारत सरकार के उच्चतम स्तर पर लिया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करना है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनने का निर्णय, जो संभावित रूप से चीन के विकल्प के रूप में है, कथित तौर पर भारत सरकार के उच्चतम स्तर पर लिया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करना है। इसका उद्देश्य इस क्षेत्र को आर्थिक महाशक्ति में बदलना है। साथ ही, इसका उद्देश्य क्षेत्र के देशों के बीच साझेदार संबंध बनाना है। एससीआरआई के विचार को आसियान देशों के लिए भी खुला रखा गया है। इन देशों की भौगोलिक स्थिति महत्वपूर्ण हैं। चीन के कार्यों का मुकाबला करने के लिए हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में इन तीन देशों के कदमों के मुख्य बिंदु हैं भारत और जापान सुरक्षा, राजनीतिक और आर्थिक सहयोग के क्षेत्रों में अपनी नई भागीदारी बना रहे हैं। जापान की फ्री और ओपन हिन्द-प्रशांत रणनीति और भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी के बीच अभिसरण है। एक्ट ईस्ट पॉलिसी के बीच अभिसरण है। भारत और ऑस्ट्रेलिया पनडुब्बी रोधी युद्ध अभ्यास करते हैं। उन्होंने मजबूत पीपल-टू-पीपल संबंध स्थापित किए हैं।

आस्ट्रेलिया और जापान के संयुक्त उद्यम हैं जो भारत को प्रमुख तीसरे भागीदार के रूप में पहचानते हैं।

# देरी से भुगतान पर अधिकतम 12प्रतिशत अधिभार लगाएं बिजली उत्पादक कंपनियां: बिजली मंत्रालय

**नई दिल्ली।**

बिजली मंत्रालय ने बिजली उत्पादक और पारेषण कंपनियों को सलाह दी है कि वे बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के देर से भुगतान करने पर उनसे विलंब शुल्क के तौर पर 12 प्रतिशत से अधिक अधिभार न लें। कोविड-19 महामारी के चलते इस क्षेत्र में जारी तनाव के देखते हुए यह बात कही गई है। इस समय विलंब शुल्क के कई मामलों में अधिभार की दर प्रति वर्ष 18 प्रतिशत है और इससे लॉकडाउन के दौरान डिस्कॉम पर बुरा असर पड़ा है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस कदम का मकसद डिस्कॉम पर वित्तीय बोझ को कम करना है, जो इससे उपभोक्ताओं को भी लाभ होगा। मंत्रालय ने कहा, 'बिजली मंत्रालय ने सभी उत्पादक कंपनियों और पारेषण कंपनियों को सलाह दी है कि देर से भुगतान की स्थिति में आत्मनिर्भर भारत के तहत पीएफसी और आरईसी की नकदी निवेशन योजना (एलपीएस) के तहत किए जाने वाले सभी भुगतान पर अधिभार 12 प्रतिशत प्रति वर्ष (साधारण ब्याज) से अधिक न लिया जाए।' आमतौर पर एलपीएस की दर काफी अधिक होती है, जबकि पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश में ब्याज दरें काफी कम हुई हैं। कोरोना वायरस महामारी के चलते डिस्कॉम की नकदी स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ा है। हालांकि, सरकार ने उन्हें राहत देने के कई उपाए किए हैं।



## भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस का अधिग्रहण करेगी आईसीआईसीआई लोम्बार्ड

**नई दिल्ली।**

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस ने भारती एंटरप्राइजेज प्रवर्तित भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस के अधिग्रहण के लिए पक्का करार किया है। यह पूर्णत~ शेयरों की अदला-बदली का सौदा होगा। भारती एंटरप्राइजेज के पास फिलहाल भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है। शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी फांसीसी बीमा कंपनी एक्सा के पास है। आईसीआईसीआई बैंक प्रवर्तित साधारण बीमा कंपनी ने शुक्रवार रात को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस के निदेशक मंडल की 21 अगस्त को हुई बैठक में भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस (विघटित कंपनी) और पहली कंपनी तथा उनके संबंधित शेयरधारकों और ऋणदाताओं के बीच लेन-देन 'व्यवस्था को मंजूरी दी गई। विभाजन के बाद भारती एंटरप्राइजेज और एक्सा दोनों साधारण बीमा कारोबार से बाहर निकल जाएंगी तथा भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस का काम समाप्त हो जाएगा। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड और भारती एक्सा ने संयुक्त बयान में कहा कि इस सौदे के तहत भारती एक्सा के शेयरधारकों को कंपनी के प्रत्येक 115 शेयरों पर आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के दो शेयर मिलेंगे। शेयर आदान-प्रदान अनुपात की सिफारिश स्वतंत्र मूल्यांककों ने की है। दोनों कंपनियों के बोर्ड ने इसे मंजूरी दी है। बयान में कहा गया है कि इस सौदे के बाद कंपनी की वित्तीय-गणना के आधार पर बाजार हिस्सेदारी 8.7 प्रतिशत होगी। कंपनी ने सौदे के मूल्य की जानकारी नहीं दी है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

Sports

## धोनी ने इकोनॉमी क्लास के पैसेंजर को अपनी बिजनेस क्लास सीट दी

**नई दिल्ली ।** एमएस धोनी ने अपने शानदार करियर के अलावा अच्छे स्वभाव कारण भी फैंस के दिल जीते हैं। एक बार फिर से धोनी के उनके विनम्र स्वभाव की एक उदाहरण सामने आई है। बताया जा रहा है कि धोनी जब चेन्नई सुपर किंग्स के अपने साथियों के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी संस्करण के लिए यूएई आ रहे थे तब उन्होंने एक पैसेंजर के साथ अपनी बिजनेस क्लास सीट बदल ली थी। धोनी ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि इकोनॉमी क्लास में बैठे एक शख्स की टांगें काफी लंबी थी। ऐसा वह सहज तरीके से बैठ नहीं पा रहे थे। जॉर्ज नाम से उक्त व्यक्ति ने ट्विटर पर पोस्ट डालकर दावा किया। हालांकि उक्त व्यक्ति सीएसके स्टाफ का ही लग रहा था। वीडियो में, पूर्व भारतीय कप्तान भी सुरेश रैना और उनके कुछ अन्य सीएसके साथियों के साथ बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उक्त व्यक्ति के ट्विट में लिखा है- जब एक आदमी जिसने यह सब देखा है, क्रिकेट में यह सब किया है, आपको बताता है, आपके पैर बहुत लंबे हैं, मेरी सीट (बिजनेस क्लास) में बैठते हैं, मैं इकोनॉमी में बैठूंगा। कप्तान मुझे विस्मित करने में कभी असफल नहीं हुए।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड

## घरेलू सत्र पर पड़ी कोविड-19 की मार, अब यह 2 बड़े टूर्नामेंट ही होंगे



**नई दिल्ली ।**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड 2020-21 के अपने घरेलू सत्र में कटौती करने पर विचार कर रहा है और घरेलू सत्र में टी-20 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और रणजी ट्रॉफी का आयोजन होगा। 2019-20 के घरेलू सत्र में पुरुष और महिला के सभी आयु वर्गों में कुल 2036 मैच खेले गए थे लेकिन इस बार मैचों की संख्या 1183 हो सकती है।

**मुश्ताक अली ट्रॉफी 19 नवंबर से**

बीसीसीआई के अनुसार मुश्ताक अली ट्रॉफी का आयोजन 19 नवंबर से शुरू होगा और सत्र का समापन रणजी ट्रॉफी के साथ 10 मार्च को होगा। इस योजना को हालांकि अभी मंजूरी नहीं दी गई है लेकिन 50 ओवर के टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी और देवधर ट्रॉफी का सत्र में आयोजन नहीं होगा। साथ ही दलीप ट्रॉफी और ईरानी कप को भी सत्र में जगह नहीं मिली है।

**महिला क्रिकेट के मुकाबले एक नवम्बर से**

सीनियर महिला क्रिकेट में वनडे लीग और टी-20 लीग होगी लेकिन इनमें 2019-20 सत्र के मुकाबले कम मैच होंगे। महिला क्रिकेट के मुकाबले एक नवम्बर से 12 अप्रैल के बीच खेले जाएंगे। टी-20 लीग होगी लेकिन इनमें 2019-20 सत्र के मुकाबले कम मैच होंगे। महिला क्रिकेट के मुकाबले एक नवम्बर से 12 अप्रैल के बीच खेले जाएंगे। पुरुष और महिला के सीनियर और जूनियर वर्गों में कोई चैलेंजर ट्रॉफी नहीं होगी। बीसीसीआई पहले ही कह चुका है कि उसके लिए टूर्नामेंटों की प्राथमिकता सूची में रणजी ट्रॉफी है।

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 19 नवंबर से**

प्रस्तावित योजना के अनुसार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का आयोजन सबसे पहले होगा और इसे आईपीएल के 10 नवंबर को समाप्त होने के नौ दिन बाद यानी 19 नवंबर से आयोजित किया जाएगा जिसका समापन सात दिसंबर को होगा।

रणजी ट्रॉफी की शुरुआत 13 दिसंबर से होगी और यह 2021 आईपीएल से पहले 10 मार्च को समाप्त हो जाएगा। खिलाड़ी पहले की तरह आईपीएल फ्रेंचाइजी टीमों को प्रभावित करने के लिए मुश्ताक अली ट्रॉफी का इस्तेमाल कर सकते हैं। खिलाड़ी पहले की तरह आईपीएल फ्रेंचाइजी टीमों को प्रभावित करने के लिए मुश्ताक अली ट्रॉफी का इस्तेमाल कर सकते हैं। आईपीएल नीलामी दिसम्बर 2020 या जनवरी 2021 में हो सकती है।

## अर्जुन अवॉर्ड नहीं मिलने पर नाराज साक्षी ने मोदी और रिजिजू को लिखा पत्र

**नई दिल्ली ।**

रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और खेल के सर्वोच्च पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न से सम्मानित हो चुकीं भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक ने अर्जुन अवॉर्ड नहीं मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू को पत्र लिख कर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। खेल मंत्रालय ने शुक्रवार को अर्जुन पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की थी जिसमें महिला पहलवान साक्षी और भारोत्तोलन विश्व चैंपियन मीराबाई चानू का नाम हटा दिया गया था। इस पर साक्षी ने अपनी नाराजगी व्यक्त की है। खेल मंत्रालय ने हालांकि इन दोनों के नाम शामिल नहीं करने पर कहा था कि इन लोगों को क्रमश- 2016 तथा 2018 में खेल रत्न मिल चुका है इसलिए इन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया जा रहा है। 27 साल की साक्षी ने पत्र में लिखा है कि हर एथलीट का सपना होता है कि वह अपने नाम के आगे ज्यादा से ज्यादा पदक हासिल करे। साक्षी ने प्रधानमंत्री और खेल मंत्री से पूछा कि वह अब कौन सा पदक जीतें जिससे उन्हें अर्जुन पुरस्कार दिया जाए और क्या उनके कुश्ती करियर में उन्हें कभी इस सम्मान से नवाजा भी जाएगा। साक्षी ने पत्र को ट्वीट कर कहा- माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय खेल मंत्री रिजिजू जी, मुझे खेल रत्न से सम्मानित किया गया है और मुझे इस बात का गर्व है। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वो सारे पुरस्कार अपने नाम करे। उन्होंने कहा- खिलाड़ी इसके लिए अपनी जान की बाजी लगाता है। मेरा भी सपना है कि मेरे नाम के आगे अर्जुन पुरस्कार विजेता लगे। मैं ऐसा और कौन सा पदक देश के लिए लेकर आऊं कि मुझे अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जाए। या इस कुश्ती जीवन में मुझे कभी यह पुरस्कार जीतने का सौभाग्य मिलेगा या नहीं। हरियाणा की साक्षी ने 2016 रियो ओलंपिक में कांस्य पदक के अलावा 2017 राष्ट्रमंडल कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण, नई दिल्ली में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रजत और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था।

## जोनाथन ट्रॉट : 6 साल में 52 टेस्ट खेले, एक भी छक्का नहीं लगा पाए



**स्पोर्ट्स डेस्क ।** इंगलैंड क्रिकेट में ऐसे बहुत सारे प्लेयर आए जो बहुत थोड़े समय के लिए खेले लेकिन जितना भी खेले अपना नाम बढ़ा कर गए। ऐसा ही एक प्लेयर है जोनाथन ट्रॉट। ट्रॉट ने अगस्त 2009 में ही डैब्यू किया था और 2015 में उन्होंने आखिरी टेस्ट खेला। 6 सालों के दौरान ही उन्होंने इंगलैंड के लिए 52 टेस्ट खेलकर 44 की औसत से 3835 रन बनाए। ट्रॉट जब क्रिकेट से अलग हुए तो इसके पीछे कारण उन्होंने पारिवारिक बताया था। ट्रॉट के नाम पर एक यूनीक रिकॉर्ड भी है। शुद्ध बल्लेबाज के तौर पर ट्रॉट टेस्ट क्रिकेट में एक भी छक्का नहीं लगा पाए। उनके नाम 9 शतक और 19 अर्धशतक जरूर दर्ज हैं लेकिन वह कभी बॉल को बाऊंड्री रोप से बाहर भेजने में सफल नहीं हो पाए। जोनाथन ने जब वनडे क्रिकेट छोड़ा तो उनकी औसत 51 के पार थी। अगर लिस्ट ए का उनका रिकॉर्ड देखा जाए तो वह विराट कोहली को टक्कर देते हुए नजर आते हैं। 270 लिस्ट ए मैचों में जोनाथन के नाम पर 23 शतक और 67 अर्धशतक की मदद से 10056 रन दर्ज है। जोनाथन के 281 फर्स्ट क्लास श्रेणी के मैचों में 18662 रन हैं। इसमें 46 शतक और 92 अर्धशतक भी शामिल है। 2015 में प्रत्येक खिलाड़ी की तरह जोनाथन के करियर में भी उतार आया था इससे उभरने की बजाय उन्होंने संन्यास को ही तरजीह दे दी। 6 फीट के इस इंग्लिश क्रिकेट ने 2018 में वार्कविकशायर की ओर से अपना आखिरी फर्स्ट क्लास मैच खेला था ।

## आईपीएल 2020 को लेकर बोले कार्तिक, कहा- राह भले ही मुश्किलों से भरी हो, लेकिन हमें सर्वश्रेष्ठ करना होगा

**स्पोर्ट्स डेस्क।**

कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान दिनेश कार्तिक ने शुक्रवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले कड़े अभ्यास की कमी खलेगी लेकिन दो बार की चैम्पियन टीम अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करने के लिये 19 सितंबर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार है। राजस्थान रॉयल्स और किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाड़ी गुरूवार को दुबई पहुंच गए थे जबकि कोलकाता नाइटराइडर्स टीम रात में दुबई पहुंची। दरअसल, कार्तिक ने केकेआर की वेबसाइट से कहा, 'यह आईपीएल अलग होगा। दुनियाभर में जो हुआ, उससे हमें काफी दुख हुआ और क्रिकेट खेलना निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण होगा। लेकिन हम समझते हैं कि जब हम खेलेंगे तो हम हमारे प्रशसंकों के चेहरों पर मुस्कान लायेंगे। उन्होंने कहा, 'हां, हम बायो-बबल में रहेंगे। हां, हमने पिछले कुछ महीनों में इतनी कड़ी ट्रेनिंग नहीं की है और न ही खेले हैं। हां, रास्ता भले ही मुश्किलों भरा होगा। लेकिन हम वादा करते हैं कि अपना सर्वश्रेष्ठ करेंगे। केकेआर को ईडन गार्डन्स पर दर्शकों से मिलने वाले समर्थन की कमी खलेगी लेकिन कार्तिक का मानना है कि प्रत्येक खिलाड़ी यूएई में खेलते हुए अपने स्थल की याद को दिल में रखकर खेलेगा। अपना सर्वश्रेष्ठ करेंगे। केकेआर को ईडन गार्डन्स पर दर्शकों से मिलने वाले समर्थन की कमी खलेगी लेकिन कार्तिक का मानना



है कि प्रत्येक खिलाड़ी यूएई में खेलते हुए अपने स्थल की याद को दिल में रखकर खेलेगा। केकेआर के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि लॉकडाउन का उन पर बुरा असर पड़ा। उन्होंने कहा, 'शुरू में जब लॉकडाउन लगा था तो इसके हिसाब से तालमेल बिठाना काफी मुश्किल था क्योंकि हम आउटडोर अभ्यास नहीं कर पा रहे थे। लेकिन अब मैं पूरी तरह से तैयार हूं। बल्कि अगर अब सात दिन के अंदर मैच हो जाए तो भी मुझे खुशी होगी। मैं खेलने के लिये बेकरार हूं।

### संक्षिप्त समाचार



## नेमार के पास चैम्पियंस लीग के फाइनल में खुद को साबित करने का मौका

**लिस्बन।** दुनिया के सबसे महंगे फुटबॉल खिलाड़ी नेमार के पास रविवार को चैम्पियंस लीग के फाइनल में खुद को साबित करने का बड़ा मौका होगा। बायर्न म्यूनिख के खिलाफ इस मैच में उनके पास यह साबित करने का मौका होगा कि फुटबॉल के सबसे बड़े क्लब टूर्नामेंट को जीतने के लिए उन्हें लियोनल मेस्सी की मदद नहीं चाहिए। पिछले दो सत्र में वह चोट से परेशान रहे थे और उन पर यह साबित करने का दबाव है होगा कि पेरिस सेंट जर्मेन ने उन्हें बार्सीलोना से तीन साल पहले रिकार्ड कीमत पर टीम से जोड़कर कोई गलती नहीं की। उन्होंने मंगलवार को लीपजिंग के खिलाफ फाइनल में जीत दर्ज करने के बाद कहा, '2018 में चोट के साथ मैदान पर था, 2019 में चोट के साथ मैदान पर था। 2020 में मैदान पर होने के लिए शुक्रगुजार हूं।

## क्लाइस्टर्स पेट की चोट के कारण अमेरिकी ओपन की तैयारियों के टूर्नामेंट से हटीं

**न्यूयार्क।** चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता किम क्लाइस्टर्स ने पेट की चोट के कारण शुक्रवार को वेस्टर्न एंड सदर्न टेनिस ओपन से हटने का फैसला किया। वह अमेरिकी ओपन से पहले कुछ आराम करना चाहती हैं। बेल्जियम की 37 साल की यह खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम की सदस्य हैं। इस साल उन्होंने संन्यास से वापसी की। अमेरिकी ओपन 31 अगस्त से शुरू हो रहा है और 2012 में फ्लशिंग मिडोज में खेलने के बाद यह उनका पहला ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट होगा। वह तब दूसरे दौर में हार गयी थीं। अमेरिकी ओपन की तैयारियों के लिये वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन शनिवार से न्यूयार्क में शुरू हो रहा है।

## बॉर्डेक्स और नानतेस ने फ्रेंच लीग के शुरूआती मैच में गोलरहित ड्रा



**पेरिस ।** नानतेस और बॉर्डेक्स के बीच फ्रेंच लीग के इस सत्र का पहला फुटबॉल मुकाबला गोलरहित ड्रा रहा। आठ मार्च के बाद फ्रांस में यह लीग का पहला फुटबॉल मैच था क्योंकि कोविड-19 के कारण पिछले सत्र के बचे हुए मैच स्थगित कर दिये गये जिन्हें बाद में महामारी के चलते रद्द करना पड़ा। इन दोनों टीमों को लीग का अभियान शुरू नहीं करना था लेकिन मार्सेली का सेंट एटिएने के खिलाफ मुकाबला तीन और खिलाडियों के कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए जाने के बाद स्थगित हो गया। बॉर्डेक्स की टीम के मिडफील्डर मेहदी जर्काने को 20 मिनट के बाद फाउल करने के कारण बाहर कर दिया गया जिससे टीम 10 खिलाडियों के साथ ही खेल रही थी।

## ड्रीम 11 के चाइनीज कंपनी होने पर आया प्रबंधन का बड़ा बयान




**नई दिल्ली ।**

इंडियन प्रीमियर लीग के नए टाइटल स्पॉन्सर ड्रीम 11 पर भी चीनी कंपनी होने की उंगलिां उठने लगी हैं। हालांकि कंपनी का कहना हे कि यह 'पूरी तरह से देसी भारतीय ब्रांड' है। ड्रीम 11 के एक प्रवक्ता ने कहा- ड्रीम 11 पूरी तरह से भारतीय ब्रांड है। हम यह कहते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं कि ड्रीम 11 का पूरा उत्पाद और तकनीक भारत के भीतर ही विकसित की गई है और केवल भारतीय खेल प्रेमियों के लिए ही उपलब्ध है। 11 का पूरा उत्पाद और तकनीक भारत के भीतर ही विकसित की गई है और केवल भारतीय खेल प्रेमियों के लिए ही उपलब्ध है।

**पांच निवेशकों में से सिर्फ एक चीनी मूल का**

प्रवक्ता ने आगे कहा कि इसके अधिकांश निवेशक चीनी मूल के निवेशक हैं, जिनके पास अल्पसंख्यक हिस्सेदारी है। ड्रीम 11 लगभग पूरी तरह से भारतीयों के स्वामित्व में है, जिसमें इसके संस्थापक, सभी 400+ भारतीय कर्मचारी और हमारे भारतीय निवेशक जैसे कि कलारी कैपिटल और मल्टीपल्स इक्विटी शामिल हैं। पांच निवेशकों में से एक निवेशक का मूल चीनी है और यह बहुत छोटा अल्पसंख्यक है। जैसे कि कलारी कैपिटल और मल्टीपल्स इक्विटी शामिल हैं। पांच निवेशकों में से एक निवेशक का मूल चीनी है और यह बहुत छोटा अल्पसंख्यक है।

**222 करोड़ में ड्रीम 11 ने खरीदे हक**

बता दें कि इस साल की शुरुआत में भारत-चीन सीमा पर बढ़ते तनाव के बाद, सरकार ने 59 चीनी मोबाइल एप पर प्रतिबंध लगा दिया। जून में गालवान घाटी संघर्ष में 20 भारतीय सैनिकों के मारे जाने के साथ चीनी उत्पादों के बहिष्कार की कॉल भी तेज हो गई थी। इसी कारण चीनी स्मार्टफोन निर्माताओं वीवो को आईपीएल के टाइटल प्रायोजक के रूप में भारी परेशानी हुई। इसके बाद, बीसीसीआई ने इस वर्ष के लिए अपने टाइटल प्रायोजक के रूप में ड्रीम 11 को चुना। ड्रीम 11 इसके लिए 222 करोड़ रुपए चुकाएगा। इसी कारण चीनी स्मार्टफोन निर्माताओं वीवो को आईपीएल के टाइटल प्रायोजक के रूप में भारी परेशानी हुई। आईपीएल के टाइटल प्रायोजक के रूप में भारी परेशानी हुई। इसके बाद, बीसीसीआई ने इस वर्ष के लिए अपने टाइटल प्रायोजक के रूप में ड्रीम 11 को चुना। ड्रीम 11 इसके लिए 222 करोड़ रुपए चुकाएगा।

**फंतासी खेल खेलने वाले बढ़े**

प्रवक्ता ने यह भी कहा कि इस साल के आईपीएल इस साल खेल की खपत के सभी रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। लॉकडाउन के दौरान मुख्य मुख्यधारा के लाइव खेलों की मांग और ड्रीम 11 आईपीएल इस साल खेल की खपत के सभी रिकॉर्ड को तोड़ सकता है। हाल ही में एफआईएफएस-केपीएमजी रिपोर्ट में पाया गया कि फंतासी खेलों में लोगों की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत बढ़ गई है। हाल ही में एफआईएफएस-केपीएमजी रिपोर्ट में पाया गया कि फंतासी खेलों में लोगों की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत बढ़ गई है।

**10 करोड़ होंगे उपभोक्ता**

उन्होंने कहा- हम ब्रांड जागरूकता पर ध्यान देना जारी रखेंगे और अपने उपयोगकर्ता आधार को आठ करोड़ से ज्यादा भारतीयों से बढ़ाकर 10 करोड़ + कर देंगे और भारतीय हर ड्रीम 11 आईपीएल मैच के लिए अपनी ड्रीम 11 टीम बना लेंगे। बता दें कि 13वां आईपीएल संस्करण 19 अपनी ड्रीम 11 टीम बना लेंगे। बता दें कि 13वां आईपीएल संस्करण 19 सितंबर से यूएई में शुरू होने वाला है और 10 नवंबर तक चलेगा।

## ऑनलाइन शतरंज ओलंपियाड - विदित की कप्तानी मे भारत की शानदार शुरुआत सबसे आगे निकला

**नई दिल्ली।** फीडे के द्वारा शतरंज इतिहास के सबसे बड़े और प्रथम शतरंज ओलंपियाड मे दुनिया की चुनिन्दा 40 शीर्ष टीम के बीच मुक़ाबले शुरू होते ही भारतीय टीम नें अपने प्रदर्शन से पहले दिन ना सिर्फ लगातार तीन जीत दर्ज की बल्कि ग्रुप ए के पहले स्थान पर भी कब्जा जमा लिया है । भारतीय टीम नें आज सबसे पहले कमजोर मानी जा रही ज़िम्बाब्वे को 6-0 से , मजबूत वियतनाम को 4-2 से तो उज्बेकिस्तान को 5.5-0.5 से मात देते हुए 6 मैच पॉइंट और 15.5 गेम पॉइंट के साथ अंक तालिका मे चीन को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल कर लिया है । ज़िम्बाब्वे के खिलाफ कप्तान विदित गुजराती नें सबसे पहले बोर्ड पर जीत से खाता खोला और उन्होने कप्तान वादज़ूरा रॉय को मात दी , दूसरे बोर्ड पर अरविंद चितांबरम नें क्यरिल चिगोड़ों को ,तीसरे बोर्ड पर भक्ति कुलकर्णी नें लिंडा शबा को ,चौंथे बोर्ड पर वैशाली नें चरिंदा कुदानाई को पांचवे बोर्ड पर निहाल सरीन नें हमनदिशे फराई को तो छठे बोर्ड पर दिव्या देशमुख नें मूडोडो हजेल को मात दी और भारत नें पूरे 6 अंक के साथ शानदार शुरुआत की । दूसरे मैच मे कठिन वियतनाम के सामने कप्तान विदित नें पहले बोर्ड पर पूर्व विश्व ब्लिट्ज़ चैम्पियन ले कुयांग लिम को तो दूसरे बोर्ड पर पेंटाला हरिकृष्णा नें ग्युएन त्रुओंग सोन से ड्रॉ खेला और स्कोर 1-1 कर दिया और उसके बाद कोनेरु हम्पी नें फाम ले थाओ को ,हरिका द्रोणावल्ली नें होंग ट्राम को ,निहाल सरीन नें अनह खोई को मात देते हुए भारत को 4-1 से अपराजित बढ़त दिला दी और आखिरी बोर्ड पर भारत की दिव्या देशमुख की बच दुओंग से हार नें अंतिम स्कोर 4-2 भारत के पक्ष मे कर दिया । तीसरे मैच मे उज्बेकिस्तान के खिलाफ विश्वनाथन आनंद नें टीम मे कमान सम्हाली और पहले बोर्ड पर उज्बेकिस्तान के शीर्ष खिलाड़ी अब्दुसत्तारोव नोदिरबेक को ड्रॉ पर रोका जबकि अन्य बोर्ड पर पेंटाला हरिकृष्णा नें याकूब्बोएव नोदिरबेक को ,कोएनृ हम्पी नें इरिना गेवोंर्ज़ान को ,हरिका द्रोणावल्ली नें सर्विनोज कुरुबोंबोएवा को को ,प्रग्गानंधा आर नें जवोखीर सिंदारोव को वर्ग ए की कुल 10 टीम मे भारत को क्वाटर फाइनल मे जगह बनाने के लिए शीर्ष 3 मे जगह बनाना है और फिलहाल भारत अच्छी लय मे नजर आ रहा है ।

## हॉकी शिविर में देंगे कौशल विकास पर ध्यान:कोच ग्राहम रीड



**नई दिल्ली ।**

भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा है कि कोविड-19 से जूझ रहे छह खिलाड़ियों के झटके से उबरने की कोशिश कर रहे पुरुष हॉकी कोर समूह ने बुनियादी व्यायाम के साथ राष्ट्रीय शिविर को फिर से शुरू कर दिया है जो अगले कुछ सप्ताह में कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करेंगे । कप्तान मनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, जसकरन सिंह, वरुण कुमार, कृष्ण बहादुर पाठक और मनदीप सिंह को 10 से 12 अगस्त के बीच जांच में कोरोना वायरस पॉजिटिव पाया गया था। उन्हें बेंगलुरु के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पांच खिलाड़ी इस बीमारी से उबर गए है लेकिन सुरेंद्र को हाथ में सूजन के बाद फिर से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य पांचों को अपने साथियों के साथ जुड़ने से पहले कुछ और समय के लिए पृथकवास में रहना होगा। कोर समूह के अन्य खिलाड़ियों ने एरोबिक व्यायाम पर ध्यान देने के साथ बुधवार से बुनियादी खेल गतिविधियां शुरू कीं। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में रीड ने कहा- हम अगले कुछ हफ्तों में प्रत्येक खिलाड़ी की विकास योजना पर काम करेंगे और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करेंगे। अभी हम उनके एरोबिक में सुधार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की गतिविधियां और फैसलों से तय होगा कि वे अगले साल तोक्यो ओलंपिक में कैसा प्रदर्शन करेंगे। रीड ने कहा- मैंने खिलाड़ियों को याद दिलाया कि हमारी हर गतिविधि और निर्णय क्षमता हमें अपने ओलंपिक लक्ष्य के करीब पहुंचने में मदद करेगी या इससे दूर ले जाएगी। मैंने उन्हें इस यात्रा में अगले कुछ महीनों के महत्व के बारे में बताया। इस 56 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई कोच ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रीय शिविर से जुड़ने के बाद अनिवार्य रूप से दो सप्ताह की पृथकवास अवधि के दौरान खिलाड़ियों को देश के ओलंपिक इतिहास को जानकर अपने ओलंपिक लक्ष्य को फिर से हासिल करने का काम सौंपा गया था। मुख्य कोच ने कहा- पिछले दो सप्ताह के दौरान, हमने समय का उपयोग भारत के असाधारण ओलंपिक इतिहास के बारे में जानने के लिए किया। बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में फिलहाल 33 पुरुष और 24 महिला खिलाड़ी हैं। इस शिविर के 30 सितंबर तक चलने की उम्मीद है।

## मेग लेनिंग का ईशारा- 2022 ही अब महिला क्रिकेट के लिए बड़ा वर्ष साबित होगा



**मेलबोर्न ।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लेनिंग का कहना है कि 2022 महिला क्रिकेट के लिए बड़ा वर्ष साबित होगा। कोरोना वायरस के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला एकदिवसीय विश्वकप को स्थगित कर दिया था। लेनिंग का मानना है कि विश्वकप स्थगित होने से उन्हें निराशा हुई थी लेकिन 2022 में विश्वकप, टी-20 विश्वकप, बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल और महिला एशेज जैसे चार बड़े टूर्नामेंट होने है और यह वर्ष महिला क्रिकेट के लिए बड़ा वर्ष साबित होगा। लेनिंग ने कहा- इसमें कोई शक नहीं कि विश्वकप एक साल के लिए स्थगित होने से हम निराश थे। लेकिन साथ ही हम इस निर्णय को समझते हैं। शायद हम स्थिति के बारे में बहुत कुछ नहीं जानते या समझते हैं लेकिन आईसीसी ने जो फैसला लिया है उसे हम समझते हैं। उन्होंने कहा- अब हम सिर्फ 2022 की ओर देख रहे हैं, जो हमारे लिए एक बड़ा साल होने जा रहा है। इस दौरान कुछ वैश्विक टूर्नामेंट होने हैं और राष्ट्रमंडल खेल का आयोजन भी होना है। ये कुछ ऐसा है जिसकी हम उम्मीद कर रहे थे। हम आने वाली सीरीज के साथ शुरुआत करेंगे और फिर 2022 की ओर बढ़ेंगे।

# विक्की कौशल के साथ धमाल मचाएंगी मानुषी छिल्लर

## फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी



यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित एक आगामी कॉमेडी फिल्म में अभिनेता विक्की कौशल (Vicky Kaushal) पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर के साथ नजर आएंगे.





यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित कॉमेडी फिल्म में अभिनेता विक्की कौशल (Vicky Kaushal) पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर के साथ नजर आएंगे. मिली जानकारी के मुताबिक, 'मानुषी को विक्की के विपरीत यश राज फिल्म्स द्वारा निर्मित कॉमेडी फिल्म के लिए साइन किया गया है.

मानुषी बॉलिवुड के लिए एक आउटसाइडर हैं, उन्होंने प्रियंका चोपड़ा के 17 साल बाद साल 2017 में उन्होंने मिस वर्ल्ड को खिताब जीतकर अपनी पहचान खुद बनाई है.

फिल्मी सूत्र ने इस बावत आगे बताया, 'फिल्म से जुड़ी इससे अधिक जानकारी का अभी खुलासा नहीं किया जा सकता है.' विक्की कौशल और मानुषी छिल्लर (Manushi Chillar) अभिनीत यह फिल्म भी यशराज फिल्मस के 'प्रोजेक्ट 50' का हिस्सा है जिसका मकसद बैनर की 50वीं सालगिरह के जश्न को मनाना है. फिल्म व कास्टिंग को लेकर आधिकारिक घोषणा 27 सिंतबर को की जानी है, जिस दिन आदित्य चोपड़ा के द्वारा स्टूडियो के पूर्ण कार्यविवरण का अनावरण किया जाएगा. बैनर की आगामी फिल्मों में 'बंटी और बबली 2', 'शमशेरा,' 'जयेशभाई जोरदार', 'पृथ्वीराज' और 'संदीप और पिंकी फरारU' जैसी फिल्में शामिल हैं.

# कंगना रनौत ने Aamir Khan पर कसा तंज, Tweet कर बोला इतना बड़ा हमला

**आमिर (Aamir Khan) ने अपने बयान में कहा था कि वे हिंदुत्व को थोड़ा-बहुत मानते हैं लेकिन वे अपने बच्चों को पूरी सख्ती के साथ इस्लाम (Islam) फॉलो करने की नसीहत देंगे.**



बॉलीवुड एक्टर आमिर खान (Aamir Khan) एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं. इस वक्त वे अपनी फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' की शूटिंग के सिलसिले में तुर्की (Turkey) में हैं. इस दौरान उन्होंने रविवार को तुर्की के राष्ट्रपति (President) की पत्नी एमीन एर्दोगन (Emine Erdogan) से मुलाकात की है. इस मुलाकात के बाद आमिर खान ट्रोल (Troll) हो रहे हैं. बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत (Kangana Ranaut) ने भी आमिर को निशाने पर लिया है.


कंगना रनौत (Kangana Ranaut) ने आमिर के पुराने बयान को लेकर आमिर खान पर तंज कसा है. आमिर ने अपने बयान में कहा था कि वे हिंदुत्व को थोड़ा-बहुत मानते हैं लेकिन वे अपने बच्चों को पूरी सख्ती के साथ इस्लाम (Islam) फॉलो करने की नसीहत देंगे. एक्ट्रेस की टीम ने इस बयान वाली एक खबर को ट्वीट करते हुए लिखा, 'हिंदू + मुस्लिम = मुस्लिम. ये तो कट्टरपंथी है. दो अलग-अलग धर्म में शादी करने का सिर्फ ये मतलब नहीं होता है कि जीन्स और तौर तरीके का ही मिलन होगा. दूसरे धर्म में शादी करने का मतलब ये होता है कि दो धर्मों का भी मिलन होगा. उनका आपस में मिलाप होगा. बच्चों को अल्लाह की इबादत भी सिखाइए और श्री कृष्ण की भक्ति भी. यही धर्म-निरपेक्षता है ना आमिर खान?'

इसके बाद कंगना रनौत की टीम ने एक और ट्वीट में लिखा, %आप तो सबसे ज्यादा सहिष्णु थे आप कबसे हिंदुत्व के लिए असहिष्णु हो गए? हिंदू माताओं की संतानें जिनकी रगों में श्री कृष्ण और श्रीराम का खून बह रहा है, सनातन धर्म, भारतीय सभ्यता, यहां की संस्कृति जिनकी धरोहर है, वो सिर्फ और सिर्फ इस्लाम को फॉलो करेंगे, ऐसा क्यों?

बता दें कि आमिर खान इससे पहले अक्सर हीं कट्टर हिंदूवादी संगठनों (Hinduist organizations) के निशाने पर रहे हैं. आमिर खान के 'असहिष्णुता (Intolerance)' से जुड़े बयान ने देश भर में बवाल करवा दिया था. फिल्म पीके को लेकर भी हिंदूवादी संगठनों ने उन पर खूब हल्ला बोला था.

# Supreme Court के फैसले पर सुशांत के परिवार का रिएक्शन, कहा- 'ये बड़ी जीत है'

**सुशांत के पिता के वकील विकास सिंह ने कहा कि 'ये सुशांत सिंह राजपूत के परिवार के लिए बड़ी जीत है.'**



बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत (Sushant Singh Rajput) की मौत के मामले की जांच को सुप्रीम कोर्ट (Supreme Court) ने सीबीआई (CBI) को सौंपने का फैसला किया है. सुशांत के पिता और बिहार सरकार (Bihar Government) की तरफ से इस केस की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की गई थी. सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश देते हुए कहा कि मुंबई पुलिस सारे सबूत सीबीआई को आगे की जांच के लिए सौंप दें. इस खबर से सुशांत के फैंस बहुत खुश हैं और सोशल मीडिया पर लगातार ट्वीट कर रहे हैं. इसपर सुशांत के परिवार ने अपना रिएक्शन दिया है.

सुशांत सिंह राजपूत (Sushant Singh Rajput) के परिवार वालों के मुताबिक ये जश्न मनाने का वक्त नहीं है. उन्हें बस इस बात की तसल्ली है कि 2 महीने के बाद अब केस सही दिशा में जाता दिखाई दे रहा है. उन्हेंने कहा कि पूरे देश ने इसमे हमारा साथ दिया है. सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद सुशांत की बहन श्वेता सिंह कीर्ति ने कई ट्वीट कर भगवान और फैंस को धन्यवाद किया है.बताते चले कि, सुशांत सिंह राजपूत का पूरा परिवार इस फैसले से काफी खुश है. सुशांत के पिता के वकील विकास सिंह ने कहा कि 'ये सुशांत सिंह राजपूत के परिवार के लिए बड़ी जीत है. अब इंसाफ मिलने की उम्मीद है.'

# Sanjay Dutt को लेकर पत्नी Manyata का स्टेटमेंट आया सामने, बीमारी को लेकर कही ये बात

**संजय दत्त के अस्पताल में एडमिट होने के बाद उनकी पत्नी मान्यता दत्त का स्टेटमेंट आया है. मान्यता ने कहा, 'संजू ने अपनी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन हर कठिन दौर से गुजरने के दौरान आपके प्यार और सहयोग ने उन्हें बेहद हिम्मत दी है और इसके लिए हम हमेशा आभारी रहेंगे.'**



लंग कैंसर (Lung Cancer) से जूझ रहे बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त (Sanjay Dutt) इलाज के लिए मुंबई के अंधेरी में स्थित कोकिलाबेन अस्पताल (Kokilaben Hospital) में भर्ती हुए हैं. इससे पहले खबरें आई थीं कि संजय दत्त विदेश जाकर अपना इलाज कराएंगे.

अस्पताल जाने के लिए संजय दत्त अपनी पत्नी मान्यता दत्त (Manyata Dutt) के साथ मंगलवार शाम को करीब 6 बजे घर से निकले. इस दौरान उनके साथ उनकी दोनों बहने नम्रता और प्रिया दत्त भी नजर आईं. इस दौरान घर के बाहर इकट्ठा हुए फोटोग्राफर्स से उन्होंने कहा, 'मेरे लिए करना प्रार्थना.

संजय दत्त के अस्पताल में एडमिट होने के बाद उनकी पत्नी मान्यता दत्त का स्टेटमेंट आया है. मान्यता ने कहा कि संजू को इतने सालों से मिले प्यार और स्नेह के लिए मैं उनके सभी प्रशंसकों और शुभचिंतकों का तहे दिल से धन्यवाद करती हूं. संजू ने अपनी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन हर कठिन दौर से गुजरने के दौरान आपके प्यार और सहयोग ने उन्हें बेहद हिम्मत दी है और इसके लिए हम हमेशा आभारी रहेंगे. अब हमें एक और चुनौती के लिए चुना गया है और मुझे पता है, यही प्यार और स्नेह उन्हें इस मुश्किल वक्त से निकालने में भी मदद करेगा.

मान्यता दत्त ने कहा, एक परिवार के रूप में, हमने सकारात्मकता और ग्रेस के साथ इसका सामना करने का फैसला किया है. हम मुस्कान के साथ, अपने जीवन को संभव तरीके से सामान्य बनाने जा रहे हैं, क्योंकि यह एक कठिन लड़ाई होने के साथ-साथ एक लंबा सफर भी है. हमें किसी नकारात्मकता के बिना, संजू के लिए ऐसा करने की जरूरत है. इस मुश्किल समय में दुर्भाग्य से मैं अपने होम क्वारंटीन के कारण अस्पताल में उनके साथ खड़े रहने में असमर्थ हूं, जो अब बस कुछ दिनों में समाप्त हो जाएगा.उन्होंने आगे कहा, हर लड़ाई में एक मशाल को लेकर चलने वाला होता है और एक किले को मजबूत रखने वाला शख्स होता है. प्रिया जिन्होंने हमारे परिवार द्वारा संचालित कैंसर फाउंडेशन के साथ दो दशकों में बड़े पैमाने पर काम किया है और जिन्होंने अपनी मां को इस बीमारी से भी जूझते हुए देखा है, वह हमारी टॉर्च बियरर हैं, जबकि मैं किले को संभालूंगी.

मान्यता ने कहा कि हर कोई जो हम से पूछ रहा है, उन्हें बताना चाहूंगी कि संजू मुंबई में अपना प्रारंभिक उपचार पूरा करेंगे. हम आगे की यात्रा की योजना, कोविड की स्थिति में सुधार आने के साथ तैयार करेंगे. फिलहाल, संजू कोकिलाबेन अस्पताल में हमारे सबसे सम्मानित डॉक्टरों की देखरेख में हैं. मैं सभी से हाथ जोड़कर अनुरोध करती हूं, उनकी बीमारी के स्टेज पर अनुमान न लगाएं और डॉक्टरों को अपना काम करने दें. हम उनके प्रोग्रेस पर आप सभी को नियमित रूप से अपडेट करते रहेंगे.

उन्होंने कहा, 'संजू न केवल मेरे बच्चों के पिता और मेरे पति हैं, बल्कि माता-पिता के गुजर जाने के बाद, वे अंजू और प्रिया के लिए भी पिता की तरह रहे हैं. वह हमारे परिवार के लिए सब कुछ हैं, जबकि हमारा परिवार पूरी तरह से हिल गया है, फिर भी हम दृढ़ता से लड़ने के लिए तैयार हैं. भगवान और आपकी प्रार्थनाओं के साथ, हम एक साथ इस स्थिति को पार करेंगे, और विजेता बन कर उभरेंगे.'

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# पोम्पियो ने कहा-चीन की मछली भूख पर अंकुश जरूरी, हम इक्काडोर के साथ

**वाशिंगटन।**

चीन और उसकी विस्तारवादी नीतियां सिर्फ जमीनी क्षेत्रों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मछलियों के लिए दुनिया भर के सागर और महासागर भी इसके निशाने पर हैं। अमेरिकी राज्य सचिव माईक पोम्पिओ ने मछलियां पकड़ने के लिए तटीय राज्यों के संप्रभु अधिकारों और अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करने के लिए चीन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इक्काडोर का समर्थन किया है। पोम्पिओ ने ट्वीट किया, यह चीन की निरंतर मछली पकड़ने की प्रथाओं, नियम-तोड़ने और महासागरों के पर्यावरणीय क्षरण को रोकने का समय है। हम इक्काडोर के साथ खड़े हैं और बीजिंग से अवैध, बिना लाइसेंस और मछली पकड़ने की गतिविधियों को रोकने का आह्वान करते हैं। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इक्काडोर के गैलापागोस समुद्री अभ्यारण्य के पास मछली पकड़ने वाले 260 चीन के झंडे वाले जहाजों की रिपोर्ट के बाद पोम्पियो ने ये टिप्पणी सामने आई। एक अलग बयान में, अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना दुनिया के सबसे बड़े वाणिज्यिक मछली पकड़ने के बेड़े को सब्सिडी देता है, जो नियमित रूप से तटीय राज्यों के संप्रभु अधिकारों और अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन है । चीनी आबादी की समुद्री भोजन के लिए बढ़ती इच्छा को पूरा करने और मछलियों को पकड़ने के लिए वहाँ के व्यापारी अब अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्रों में घुसने लगे। एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 2030 तक, चीन विश्व का लगभग 38त्न मछ्ली पकड़ने लगेगा, जो किसी भी अन्य क्षेत्र से दोगुना है। बता दें कि चीन अपनी भयानक भूख के चलते दुनिया भर के सागर और महासागर को मछली विहीन कर रहा है। मछली पकड़ रही जिससे कई क्षेत्रों की जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान हुआ है।

# अफगानिस्तान से आए विस्थापितों के मामले में जागो ने संयुक्त राष्ट्र संघ को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।**

अफगानिस्तान से विस्थापित हुए हिंदू और सिखों को लेकर जागो पार्टी ने संयुक्त राष्ट्र संघ के दिल्ली दफ्तर को पत्र भेजा है। पार्टी के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके की तरफ से संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रधान महासचिव को भेजे गए पत्र में अफगानिस्तान से विस्थापित हुए हिंदू व सिखों को आतंक प्रभावित विस्थापित का दर्जा तथा समुचित मुआवजा देने की मांग की गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए जीके ने बताया कि वीरवार को अफगानिस्तान से अंतिम विस्थापितों का जत्था भी वापस लौट आया है। अब हमारी जानकारी अनुसार अफगानिस्तान में इतिहासिक गुरुद्वारे तथा अन्य अल्पसंख्यक धार्मिक स्थान लावारिस हालात में रह गए है। साथ ही विस्थापितों की व्यापारिक तथा घरेलू संपत्तियों की देखभाल करने वाला भी कोई नहीं हैं। इसलिए हमने संयुक्त राष्ट्र संघ को इस ओर भी ध्यान देने की अपील की है। क्योंकि इन संपत्तियों पर कोई भी कब्जा कर सकता है। इस मौके स्त्री अकाली दल दिल्ली प्रदेश की महासचिव तथा पत्रकार व रंगकर्मी अवनीत कौर भाटिया अकाली दल को अलविदा कह के अपने साथियों सहित जागो में शामिल हुई। जीके तथा कौर ब्रिगेड की अध्यक्ष मनदीप कौर बख्शी ने अवनीत तथा अन्यों को सिरोपा डालकर पार्टी में शामिल किया। जीके ने अवनीत को पार्टी की नवगठित इकाई यूथ कौर ब्रिगेड का अध्यक्ष तथा कौर ब्रिगेड का मीडिया सलाहकार नियुक्त करने की घोषणा की।

जीके ने कहा कि जागो पार्टी महिलाओं को सियासत तथा प्रबंध में व्यापक हिस्सेदारी देने के लिए तैयार है, इसलिए दिनोंदिन महिलाओं की गिनती पार्टी में बढ़ रही है। अवनीत ने कहा कि पार्टी की तरफ से जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, उसे पूरी मेहनत और लगन से वो निभाएगी।

# नाक के जरिए टीका देने से कोरोना संक्रमण रोकने में मिली कामयाबी

**वाशिंगटन।**

वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस के खिलाफ एक टीका विकसित किया है जिसकी एक खुराक नाक के जरिए दी जा सकती है और यह चूहे में कोरोना वायरस संक्रमण रोकने में काफी असरदार साबित हुआ है । जर्नल 'सेल में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि कोविड-19 के कई टीकों पर परीक्षण चल रहा है। दूसरे टीकों के बरखिलाफ इस टीका को संक्रमण की शुरुआती जगह नाक में डाला जाता है और प्रतिरोधक क्षमता को भी बेहतर करने में मदद मिली । अध्ययनकर्ताओं के मुताबिक नाक के जरिए टीका की खुराक प्रदान करने से समूचे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर करने में मदद मिलती है लेकिन यह नाक और श्वसन तंत्र में खासा असरदार साबित हुआ है और रास्ता रोककर संक्रमण को समूचे शरीर में फैलने से रोकता है । इस अध्ययन टीम में अमेरिका के वाशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसीन के अनुसंधानकर्ता भी थे। कुछ और जानवरों तथा इंसानों पर इस टीका का परीक्षण करने की योजना है कि क्या यह कोविड-19 संक्रमण को रोकने में कारगर और सुरक्षित है । अमेरिका के वाशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसीन के अनुसंधानकर्ता माइकल एस डायमंड ने कहा, ''नाक के ऊपरी हिस्से के सेल में मजबूत रोग प्रतिरोधक तंत्र देखकर हमें काफी खुशी हुई ।

वायरस के संक्रमण को इसने रोकने का काम किया । डायमंड ने कहा, ''चूहे में संक्रमण को रोकने में यह कारगर रहा। कुछ चूहे में हमें मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता के प्रमाण भी मिले और संक्रमण के निशान भी नहीं मिले। नाक के जरिए दिए जाने वाले टीका को विकसित करने के लिए।

# दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम देश के नोट पर छपी है गणपति की तस्वीर

**इंटरनेशनल डेस्क ।**

गणेश चतुर्थी यानि भगवान गणेश का जन्मोत्सव भारत में धूमधाम से मनाने की तैयारिया चल रही हैं। आज से गणेश चतुर्थी पर गणेश प्रतिमा स्थापित कर उत्सव 10 दिनों तक चलेगा। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि कई देशों में गणेश जी की पूजा की जाती है। तस्वीर दुनिया में मुस्लिम आबादी वाला एक ऐसा देश है जहां गणेश जी की तस्वीर नोट पर छपी है। सबसे बड़े मुस्लिम देश इंडोनेशिया की करेंसी को रूपियाह कहा जाता है। यहां के 20 हजार के नोट पर भगवान गणेश की तस्वीर है। दरअसल भगवान गणेश को इस मुस्लिम देश में शिक्षा, कला और विज्ञान का देवता माना गया है। खास बात ये है कि इंडोनेशिया में करीब




87.5 फीसदी आबादी इस्लाम धर्म को मानती है और सिर्फ तीन फीसदी हिन्दू आबादी है। इंडोनेशिया के इस 20 हजार की नोट पर सामने वाले हिस्से में भगवान गणेश की तस्वीर है, जबकि पीछे वाले हिस्से में क्लासरूम की फोटो छपी है। जिसमें छात्र और शिक्षक की तस्वीरें हैं। दरअसल कुछ साल पहले इंडोनेशिया की अर्थव्यवस्था बुरी तरह से पटरी पर से उतर गई थी। इसके बाद वहां पर 20 हजार का एक नया नोट जारी किया गया था जिस पर भगवान गणेश की तस्वीर को छापा गया था। इसको छापने के पीछे आर्थिक चिंतको का मानना था कि इससे अर्थव्यवस्था फिर से मजबूत हो जाएगी और बाद में ऐसी ही कुछ देखने को मिला था।

## संक्षिप्त समाचार



## कोरोना प्रतिबंधों का उल्लंघन करने पर आयरलैंड के कृषि मंत्री का इस्तीफा

**डबलिन।** आयरलैंड के कृषि मंत्री डारा कैलेरी ने कोरोना प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के मद्देनजर इस्तीफा दे दिया। आयरलैंड के प्रधानमंत्री मिचेल मार्टिन ने एक बयान में कहा कि उन्होंने शुक्रवार सुबह इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। बयान के मुताबिक श्री कैलेरी ने बुधवार को 80 लोगों के साथ डिनर किया था। श्री मार्टिन ने कहा, इस कार्यक्रम में शामिल होकर कैलेरी ने गलत किया। उन्होंने कहा,''पूरी दुनिया में लोगों ने कोविड-19 नियमों का पालन करने के मद्देनजर कई तरह की गतिविधियों में शामिल नहीं हुए हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम को भी सरकारी दिशानिर्देशों के तहत आयोजित किया जाना चाहिए था।'' आयरलैंड में कोरोना से 27 हजार से ज्यादा लोग संक्रमित हैं, जबकि 1776 लोगों की जान जा चुकी है।

## पाकिस्तान में कोरोना वायरस संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 2,92,174 हुई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले चौबीस घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 586 नए मामले सामने आए जिसके बाद शनिवार को देश में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 2,92,174 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के अनुसार इस दौरान कोविड-19 के 10 मरीजों की मौत हो गई। इसके साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 6,231 पर पहुंच गई। सिंध में अब तक संक्रमण के 1,27,691 मामले सामने आ चुके हैं। इसके अलावा पंजाब में 96,057, खैबर पख्तूनख्वा में 35,602, इस्लामाबाद में 15,472, बलूचिस्तान में 12,473, गिलगित बल्तिस्तान में 2,638 और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में 2,241 मामले सामने आ चुके हैं। देश में अब तक कोविड-19 के 2,75,317 मरीज ठीक हो चुके हैं और 731 मरीजों की हालत नाजुक है। पाकिस्तान में इस समय 10,626 मरीजों का इलाज चल रहा है।

## कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग हुई विकराल, करीब डेढ़ लाख लोगों ने छोड़ा घर

**न्यूयार्क।** उत्तरी कैलिफोर्निया के वनों में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है और शुक्रवार को यह बड़े क्षेत्र में फैल गई। वन में लगी यह आग राज्य के इतिहास में दावानल की सबसे बड़ी घटनाओं में शामिल है। इससे लगभग डेढ़ लाख लोग अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर हुए हैं। हैलीकॉप्टरों और हवाई टैंकरों से 12,000 से अधिक अग्निशामक पूरे कैलिफोर्निया में जंगल की आग को बुझाने का काम कर रहे हैं। यहां 780 वर्ग मील (2,020 वर्ग किलोमीटर) इलाका आग की चपेट में आ गया है। इससे 500 से अधिक संरचनाएं नष्ट हो गई हैं और पांच लोगों की मौत हो गई है। क्षेत्र के 1,40,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया है। दमकल विभाग के प्रमुख बेन निकोल्स ने कहा, ''एलएनयू परिसर में आग बुझाने के काम में लगे कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर एक हजार से ज्यादा की गई है।

## बाढ़ से खतरे में दुनिया का सबसे बड़ा बांध

**बीजिंग।** कोरोना वायरस के बाद अब चीन में बारिश और बाढ़ जमकर कहर बरपा रही है । चीन में भारी बारिश की वजह से कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। लाखों लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। इसके साथ ही थ्री गॉर्जेस डैम पर भी खतरा मंडरा रहा है। चीन की यांग्त्ज़ी नदी पर तीन गोरगे बांध रिकॉर्ड बाढ़ के टूटने की कगार पर है। बाढ़ ने सैकड़ों लोगों की जान ले ली है और सैकड़ों हजारों लोग खाली हो गए हैं। अत्यधिक बाढ़ ने चीन के थ्री गोरजेस बांध को प्रभावित किया है हालंकि अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जनता को इसका नुकसान नहीं होगा। राज्य मीडिया के अनुसार, दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रो-इलेक्ट्रिक बांध 75 मिलियन लीटर पानी तक पहुंच गया। गुरुवार की सुबह तक, बांध के 11 आउटलेट से एक सेंकेंड में 49.2 मीटर पानी छोड़ा गया । डैम निर्माण के बाद यह पहली बार है जब पानी का इतना बड़ा प्रवाह छोड़ा गया है। । विशेषज्ञों का दावा है कि थ्री गॉर्जेस डैम खतरे में है और ज्यादा बारिश होने पर वो टूट सकता है जिस वजह से सरकार पानी छोड़ रही है। वहीं सरकार ने इन बातों का खंडन करते हुए बांध को पूरी तरह से सुरक्षित बताया है। बांध के घटिया निर्माण को लेकर कुछ सैटेलाइट तस्वीरें भी सामने आई हैं, लेकिन सरकार ने उसे भी फर्जी बताया है। चीनी मीडिया के मुताबिक इस बाढ़ से 10 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं, जबकि 100 से ज्यादा लोगों के मौत की खबर है। 18 सालों में बना था बांध थ्री गॉर्जेस डैम यांगजे नदी पर बना है, जो एशिया की सबसे बड़ी नदी है। इसकी लंबाई 2309 मीटर और ऊंचाई 185 मीटर है। इसके निर्माण का काम 1994 में शुरू हुआ था। जो जाकर 2012 में तैयार हुआ। इसमें 34 हाइड्रोपावर टर्बो जनरेटर लगे हैं, जिनकी मदद से बिजली का उत्पादन होता है। चीन का कहना है कि ये डैम सिर्फ बिजली उत्पादन के लिए बनाया गया था, जबकि पर्यावरणविदों के मुताबिक नदी के रास्ते को कंट्रोल करने के लिए ।

## अमेरिकी कंपनी ने कोरोना के ईलाज के लिए बनाई मलहम, संक्रमण खत्म करने का किया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक दवा कंपनी ने एक ऐसा मलहम तैयार करने का दावा किया है जिसे लगाने से कोरोना वायरस संक्रमण को समाप्त किया जा सकता है। इस परियोजना से जुड़े वैज्ञानिकों ने कहा कि पंजीकृत 'नॉन प्रिस्क्रिप्शन ओवर द काउंटर मलहम ने कोरोना वायरस सहित अन्य विषाणु संक्रमणों से बचाव करने, उपचार करने और उन्हें समाप्त करने की क्षमता साबित की है। कंपनी ने एक बयान में कहा, ''प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट ने दिखाया कि उपचार के बाद संक्रमण फैलाने वाला कोई विषाणु नहीं पाया गया। एडवांस्ड पेनिट्रेशन टेक्नोलॉजी के संस्थापक डॉ ब्रायन ह्यूबर ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि यह एक महत्वपूर्ण खोज साबित होगी जो नाक के जरिए कोरोना वायरस के अंदर जाने की आशंका को कम करेगी। बयान में कहा गया कि लंदन स्थित अनुसंधान प्रयोगशाला ''वायरोलॉजी रिसर्च सर्विसेज लिमिटेड ने कोरोना वायरस और 'इन्फ्लुएंजा ए वायरस पर दवा के विषाणु रोधी प्रभाव का मूल्यांकन किया और पाया कि यह कोरोना वायरस से लड़ने में काफी कारगर है।

## पाक सैनिकों ने बलूच छात्र को मां-बाप के सामने गोलियों से भूना, हृदय विदारक फोटो वायरल

**पेशावर।**

पाकिस्तान में बलूच नागरिकों पर सेना द्वारा किए जाने वाले अत्याचारों के खिलाफ पूरी दुनिया में आवाज उठाई जा रही है। ताजा मामला बलूचिस्तान में एक जवान छात्र की हत्या का है जिसके बाद पूरा पाकिस्तान में क्रोध की आग में जल रहा है। लोग इमरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और छात्र हयात बलोच के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तान के शहर कराची में हाथों में बैनर पोस्टर लेकर बलूच छात्र के लिए इंसाफ की मांग की जा रही है। सैकड़ों की संख्या में सड़क पर उतरकर लोग सरकार और प्रशासन से न्याय के लिए गुहार लगा रहे हैं। दरअसल, कराची यूनिवर्सिटी के छात्र हयात बलोच को पाकिस्तान सेना के जवानों ने उसके माता पिता के सामने ही गोली मार दी थी। कोरोना के चलते विश्वविद्यालय बंद होने के कारण हयात अपने गरीब माता-पिता की मदद करने के लिए घर आए थे। कराची के भौतिकी विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र हयात कथित तौर पर अपने माता-पिता के साथ अपने बाग में काम कर रहे थे, जब पाक सेना के काफिले ने उन्हें उठाया, उन्हें उनकी मां के हेडस्कार्फ़ से बांध दिया, उन्हें कुछ सौ मीटर तक घसीटा और फिर उसे 8 गोलियां दाग कर मार दिया। हृदय विदारक, बेहद परेशान करने वाला यह मामला खूब भड़क रहा है हयात बलूच के माता-पिता की अपने जवान बेटे की मौत पर विलाप करते हुए तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। फोटो वायरल होने के बाद पाकिस्तान के कई शहरों में लोग भड़के हुए हैं और




लगातार इमरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। सिर्फ कराची में ही नहीं बलूचिस्तान में भी लोग सड़कों पर हैं। हयात बलोच को इंसाफ दिलाने के लिए हर दिन घंटों तक प्रदर्शन जारी है। पाकिस्तान के क्वेटा शहर में भी लोग सड़कों पर उतर गए। महिलाएं हाथों में बैनर और हयात बलोच की तस्वीर लेकर सरकार के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। पाकिस्तान के कई शहरों में लोगों में गुस्सा इस बात को लेकर है कि हयात बलोच की हत्या क्यों हुई। पाकिस्तानी सेना के जवानों ने उसे क्यों मारा। इस बात का जवाब इमरान को देना होगा। पाकिस्तान के ग्वादर में भी लोग सड़कों उतरे और हयात की हत्या पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना के इस तरह के रवैये पहले भी देखने को मिले हैं, लेकिन इस बार हयात बलोच की हत्या के बाद से पूरे पाकिस्तान में बवाल मचा हुआ है।

# कोरोना वैक्सीन की दिशा में वैज्ञानिकों को मिली कामयाबी, चूहों पर सफल रहा प्रयोग



**वाशिंगटन।**

वैज्ञानिकों ने कोविड-19 के खिलाफ एक टीका विकसित किया है जिसकी एक खुराक नाक के जरिए दी जा सकती है और यह चूहे में कोरोना वायरस संक्रमण रोकने में काफी असरदार साबित हुआ है। जर्नल सेल में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि कोविड-19 के कई टीकों पर परीक्षण चल रहा है। दूसरे टीकों के बरखिलाफ इस टीका को संक्रमण की शुरुआती जगह नाक में डाला जाता है और प्रतिरोधक क्षमता को भी बेहतर करने में मदद मिली। अध्ययनकर्ताओं के मुताबिक नाक के जरिए टीका की खुराक प्रदान करने से समूचे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर करने में मदद मिलती है लेकिन यह नाक और श्वसन तंत्र में खासा असरदार साबित हुआ है और रास्ता रोककर संक्रमण को समूचे शरीर में फैलने से रोकता है। इस अध्ययन टीम में अमेरिका के वाशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसीन के अनुसंधानकर्ता भी थे। कुछ और जानवरों तथा इंसानों पर इस टीका का परीक्षण करने की योजना है कि क्या यह कोविड-19 संक्रमण को रोकने में कारगर और सुरक्षित है। अमेरिका के वाशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसीन के अनुसंधानकर्ता माइकल एस डायमंड ने कहा, नाक के ऊपरी हिस्से के सेल माइकल एस डायमंड ने कहा, नाक के ऊपरी हिस्से के सेल में मजबूत रोग प्रतिरोधक तंत्र देखकर हमें काफी खुशी हुई। वायरस के संक्रमण को इसने रोकने का काम किया। डायमंड ने कहा, चूहे में संक्रमण को रोकने में यह कारगर रहा। कुछ चूहे में हमें मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता के प्रमाण भी मिले और संक्रमण के निशान भी नहीं मिले। नाक के जरिए दिए जाने वाले टीका को विकसित करने के लिए अनुयंधानकर्ताओं ने वायरस के स्पाइक प्रोटीन का इस्तेमाल किया। वैज्ञानिकों ने कहा है कि नाक के जरिए टीका की खुराक देने से नाक और श्वसन तंत्र में संक्रमण के मार्ग को अवरूद्ध किया जा सकता है इसे फैलने से रोका जा सकता है। हालांकि, अध्ययनकर्ताओं ने आगाह किया कि अभी सिर्फ चूहा पर टीका के परीक्षण का अध्ययन किया गया है । आगामी दिनों में इसके परीक्षण का व्यापक अध्ययन हो सकेगा।

## 2022 तक दुनिया से बिल्कुल खत्म हो जाएगा कोरोना! डएचऔ ने जताई उम्मीद

**नेशनल डेस्क।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। दुनियाभर में यह 2.28 करोड़ से ज्यादा लोगों को अपनी चपेट में ले चुका है। इस आतंक के बीच इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन का बड़ा बयान सामने आया है। डएचऔ के प्रमुख टेड्रोस एडहानोम गेब्रेयेसस ने दावा किया है कि दो साल के भीतर कोरोना संकट खत्म हो जाएगा। गेब्रियेसस के मुताबिक 1918 के स्पेनिश फ़्लू की तुलना में कोरोना वायरस से फैली महामारी पर जल्दी काबू पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ग्लोबलाइजेशन और पूरी दुनिया का एक दूसरे से संपर्क में होने के चलते कोविड-19 संक्रमण दुनिया भर में तेज़ गति से फैला। इसके साथ ही उन्होंने यह भी माना कि बेहतर तकनीक होने के चलते ही इस महामारी पर स्पेनिश फ़्लू की तुलना में कहीं जल्दी क़ाबू पाया जाएगा। प्रमुख का कहना है कि यह महामारी दो साल से भी कम समय में समाप्त हो जाएगी, लेकिन इसके लिए हम सबको मिलजुलकर प्रयास करना होगा। इसके साथ ही उन्होंने चेताते हुए कहा कि क्योंकि हम एक दूसरे से ज्यादा जुड़े हुए हैं इसलिए यह महामारी ज्यादा तेजी से फैल सकती है। बता दें कि कोविड-19 के संक्रमितों के मामले में अमेरिका दुनिया भर में पहले, ब्राजील दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर है। बता दें कि कोविड-19 के संक्रमितों के मामले में अमेरिका दुनिया भर में पहले, ब्राजील दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर है। बता दें कि कोविड-19 के संक्रमितों के मामले में अमेरिका दुनिया भर में पहले, ब्राजील दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर है। वहीं इस महामारी से हुई मौतों के मामले में अमेरिका पहले, ब्राजील दूसरे और मेक्सिको तीसरे स्थान पर है तथा भारत इस मामले में चौथे नंबर पर है।

# पाक में एक्टिविस्ट ने उतार फेंका पाकिस्तान का झंडा, बोले-अवैध कब्जा हटाओ इमरान सरकार





**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोग अब इमरान सरकार को खुलकर चुनौती दे रहे हैं। पाकिस्तानी झंडों को हटाए जाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे एक एक्टिविस्ट ने ददयाल इलाके से खुद पाकिस्तान का झंडा उतार दिया। हालांकि, इसके बाद पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों ने उनके साथ बदसलूकी की और लगातार धमकियां दे रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार तनवरी अहमद कई दिनों से भूख हड़ताल पर थे और उन्होंने क्षय अथॉरिटीज से मांग की थी कि इलाके से सभी पाकिस्तानी झंडों और चिह्नों को हटा लिया जाए। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि तनवीर रिहायशी इलाके में लगे झंडे को पोल पर चढ़कर उतार देते हैं। 20 अगस्त को तनवीर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, ददयाल प्रशासन ने विदेशी चिह्नों को हटाने के लिए 48 घंटे मांगे थे। लेकिन पाकिस्तानी एजेंसियों को बायपास करने की उनमें ताकत नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, तनवीर अहमद को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। इसके बाद पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी उन्हें घसीटकर वहां से ले जाते हैं।इसके बाद से तनवरी को लगातार धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने कहा है कि सुरक्षा एजेंसियों के लोग उनका पीछा कर रहे हैं। जब स्थानीय प्रशासन ने उनकी मांग नहीं मानी तो वह स्वयं ही झंडे हटाने के काम में जुट गए। बता दें कि के लोग क्षेत्र में पाकिस्तान के अवैध कब्जे का विरोध कर रहे हैं और इमरान सरकार , पाकिस्तानी सेना व अन्य अधिकारियों से इस क्षेत्र को छोड़ने की मांग कर रहे हैं।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1


## न किसी से हाथ मिलाएं, नमस्ते करके रिश्ता निभाए।

## कोरोना से बचना है, तो मुंह पर मास्क पहनना है।

### विभिन्न तरीकों से मीना राजू मंच सुगमकर्ताओ द्वारा चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान– एस.एस पाण्डेय

रायबरेली जिला प्रशासन द्वारा आम जनमानस से घर पर रहे सुरक्षित रहें बिना मास्क के बाहर न निकलने सोशल डिस्टेंस बनाने भीड़ से बचने संक्रमित लोगों से दूरी बनाने के लिए मीडिया के माध्यम से अपील किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा लगातार इस महामारी से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर आम जनमानस को जागरूक करने का निर्देश दिया जा रहा है जिसे बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित मीना राजू मंच की सुगम करता टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों से लगातार पूरे जनपद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश शर्मा के दिशा निर्देशन एवं बालिका शिक्षा रिसोर्स पर्सन शिक्षक एस.एस पाण्डेय के संयोजन एवं सुगमकर्ताओ के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इस महामारी से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

जागरूकता टीम में विकास खंड डलमऊ से रीतू यादव कविता वर्मा मंजू एवं शकुंतला रजक बछ. रावां से ऋचा गोस्वामी एवं कंचन सिंह राही से सीमा मिश्रा अमावा से के ज्योति रमन खीरो से मधू जायसवाल,सताव से सविता सिंह द्वारा गणेश चतुर्थी पर जनपद को कोरोना महामारी से बचने और बचाने के लिए संदेश देकर जागरूक किया गया है।

अभियान के संयोजक एस.एस पाण्डेय ने बताया कि प्रतिभाशाली सुगम करता टीम लगातार गांव–गांव घर–घर तक कोरोना महामारी से बचाने के लिए विभिन्न माध्यमों से आम जनमानस को



## कोरोना को लेकर मिथ्या धारणाओं पर अंकुश लगाने की आवश्यकता

कानपुर डा. वीरेन्द्र स्वरूप इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्टडीज के संगोष्ठी कक्ष में शिक्षा संकाय (बीएड) द्वारा वर्चुअल रूप से कोरोना के खिलाफ आयोजित इस इंटरनेशनल वेबिनार में विभिन्न देशों के 3464 के साथ विदेशों के भी प्रबुद्ध शिक्षाविद अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विषय था मानव जीवन के बदलते मनोवैज्ञानिक व मनोसामाजिक व्यवहार प्रतिमानों पर कोविड–19 का प्रभाव–चुनौतियां व समाधान।इस इंटरनेशनल वेबिनार में भारत से 2929, यूएसए से 455 , कनाडा से 35 , इंडोनेशिया से 25, सिंगापुरऔर सिंगापुर से रहे 20 लोगों समेत कुल 3464 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। साथ ही विभिन्न महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों के साथ ही छात्र–छात्राओं का भी प्रतिभाग रहा। वेबीनार में कहा गया कि सोशल मीडिया पर कोविड 19 की महामारी की ऐसी भयावह तस्वीरें सामने आ रही हैं, जिन्हें देख व पढ़कर खौफ बढ़ जाता है। कोविड 19 पर लगातार संदेशों व जानकारी से इसका सीधा प्रभाव हमारे दिमाग की सेहत पर पड़ता है। दौरान कुछ वक्ताओं द्वारा यह भी कहा गया कि कोरोना की वजह से हर वक्त डर का माहौल हमारे मानसिक व मनोसामाजिक व्यवहार पर भी प्रभाव डाल रहा है।कहा गया कि कोरोना बीमारी या वायरस के प्रति हमारी सोच इतनी गहरी हो जाती है कि वह हमें स्वभाव से रूढ़िवादी बना देती है। यह दृष्टिकोण हमारे आर्थिक, राजनैतिक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक झुकाव को भी प्रभावित कर सकता है। वेबिनार का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंध समिति के सचिव गौरवेन्द्र स्वरूप की वर्चुअल उपस्थिति में प्राचार्या डा. पूनम मदान व वर्चुअल रूप से आमंत्रित अतिथियों के सहयोग से किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्या डा. पूनम मदान ने दीप प्रज्जवलन व सरस्वती जी की पूजा अर्चन व माल्यार्पण द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया।माल्यार्पण की इस बेला में वर्चुअल रूप से छात्रा निशी सुमन द्वारा सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसका निर्देशन डा. पूर्णिमा द्विवेदी ने किया। इस उद्घाटन सत्र में सचिव गौरवेन्द्र स्वरूप, प्रो. विपुल व्यास (की–नोट स्पीकर तथा डायरेक्टर मन दि माइंड मुंबई), सुरेश चन्द्र शुक्ला (प्रेसीडेन्ट इन्डो स्कैनडिक आर्गनाइजेशन ओस्लो, नार्वे, डा. शिखा वार्ष्णेय (लंदन), श्री सुजीत कुंतल तथा मुख्य वक्ता प्रो. भगवान सिंह चौधरी (रजिस्ट्रार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय) वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे है ।

उन्होंने कोरोना पर जागरुक करते हुए बताया कि सरकार, स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों और अन्य हितधारकों द्वारा तत्काल रोकथाम के उपाय विकसित किए जाने चाहिए। उन्होंने एक मुख्य बात बताई कि विगत वर्षों में एक तरफ लोगों का आईक्यू लेवल बढ़ गया है, वहीं दूसरी ओर ईक्यू लेवल घटता जा रहा है

इस वेबिनार के अवसर पर प्रो. सरला मध्यान के मार्गदर्शन में छात्राध्यापिका समीक्षा द्विवेदी, हर्षिता साहनी, निशी सुमन, रुचि गुप्ता व पारुल जैन ने इन्सपीरिया पत्रिका (वेब मैग्जीन) तैयार की। इस पत्रिका का विमोचन प्राचार्या डा. पूनम मदान ने अतिथियों के साथ किया। इसके पश्चात विभिन्न महाविद्यालयो से जुड़े प्रशिक्षक–प्रशिक्षिकाओं द्वारा अपने अपने प्रश्नों को प्रस्तुत किया गया, जिसके उत्तर अतिथियों द्वारा दिए गए । इस कार्यक्रम में डा. अरुणा बाजपेयी, प्रो. आशा अवस्थी, डा. सीमा मिश्रा, प्रो. पूनम गुप्ता, प्रो. आशीष यादव, डा. संदीप त्रिपाठी, प्रो. अनिरुद्ध यादव, प्रो. सरला मध्यान, प्रो. शिप्रा मिश्रा, प्रो. ऊषा मिश्रा, प्रो. जसनीत कौर, प्रो. प्रेरणा अरोड़ा, प्रो. ज्योति सेंगर, कमलेश चन्द्र शर्मा, प्रो. दीपिका आदि उपस्थित रहे। इसमें कार्यक्रम के संचालन का दायित्व प्राचार्य डॉ पूनम मदान और अनीता शर्मा ने संभाल रखा था।




## सार–समाचार

### प्रधान के कहने पर पुलिस प्रसाशन व्दारा पत्रकारो का अपमान

**उन्नाव ब्यूरो:प्रकाश शुक्ला**

अजगैन कोतवाली मे कवरेज करने आये पत्रकार से थाना प्रभारी संतोष कुमार नवाबगंज चौकी इंचार्ज जितेन्द यादव ने कोतवाली मे फोटो वीडियो बनाने को लेकर

सीधे पत्रकार को गाली गलौज कर फोन छीन लिया फोटो वीडियो फोन से फोटो वीडियो हटाकर।

कोतवाली मे पत्रकार को बैठा लिया।



प्रधान के कहने पर पुलिस प्रसाशन व्दारा पत्रकारो का अपमान

### वर्चस्व को लेकर किन्नरों के दो गुट भिड़े

लखनऊ के किन्नर उन्नाव में कर रहे उगाही।नाराज उन्नाव के किन्नरों ने चौकी इंचार्ज से की थी दो दिन पहले शिकायत पर नही दिया गया ध्यान। फर्जी वसूली को लेकर नाम खराब करने का आरोप।

आज लखनऊ वाले यहां आके डरा धमका रहे थे।वर्चस्व को लेकर कमल किन्नर और फिजा उर्फ मुन्ना व फरीद आमने–सामने हो गये।

इसके बादउन्नाव के किन्नर हुए एकजुट हो गये तथा किन्नरों का आरोप है कि चौकी प्रभारी की मिलीभगत है।सदर चौकी के बाहर सैकड़ो की संख्या में किन्नर एकत्रित हो गए।



### न्याय के लिये भटक रही महिला घाटमपुर पुलिस कर रही लीपापोती

घाटमपुर रिपोर्ट :नारायण मिश्रा

नौरंगा में विधवा बुजुर्ग ब्राम्हण महिला और उसकी जवान बेटी तथा बेटे के मारपीट केश में घाटमपुर पुलिस कर रही

लीपापोती। आज भारतीय किसान यूनियन भानु के प्रदेश महासचिव इंद्रजीत फौजी की अगुआई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सीओ घाटमपुर का घेराव किया।

दरोगा उमा सिंह द्वारा जिला महासचिव के साथ मारपीट और अभद्रता से आक्रोशित प्रदेश महासचिव इंद्रजीत फौजी ने सख्त कार्यवाही की मांग की। सीओ ने विभागीय कार्यवाही का भरोसा दिया। सीओ ने इंस्पेक्टर घाटमपुर को एफआईआर रजिस्टर्ड करने और त्वरित कार्यवाही के आदेश दिए। इसके बावजूद पीड़ित महिला की केवल एनसीआर दर्ज की गई।

घाटमपुर पुलिस विरोधियों के दबाव में काम कर रही है। यदि कल तक उचित कार्यवाही नहीं हुई तो सोमवार को प्रदेश महासचिव की अगुवाई में भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता डीआईजी कानपुर से शिकायत करके उचित कार्यवाही की मांग करेंगे।

### उन्नाव के कई इलाकों मे आज रहेगी विद्युत व्यवस्था बाधित

विद्युत उपभोक्ताओंको सूचित किया जाता है कि 33/11 के वी इब्राहिमबाग़ बिजली घर व पी डी नगर बिजली घर की विद्युत आपूर्ति ।

दिनांक 23/8/2020 को प्रात:6 से 11 बजे तक बाधित रहेगीं ।

प्रभावित इलाके निम्न हैं:

पी डी नगर, गदन खेड़ा,मोती नगर, कृष्णा नगर, ए बी नगर , हिरन नगर , पीताम्बर नगर आदि।

## दबाव में आकर थाना पुलिस ने लूट में किया मुकदमा दर्ज

## साढ़ एस ओ को खुली चुनौती कार्यवाही करो वर्ना रहना हो जाएगा मुश्किल

घाटमपुर रिपोर्ट :नारायण मिश्रा साढ़,घाटमपुर) बिरहर चौकी के असेनिया मोड़ के पास साइड देने को लेकर हुए विवाद में हुए झगड़े मे साढ़ थाना पुलिस ने सत्ता के दबाव में आकर लगभग

**नेताओ के सामने नतमस्तक हुई साढ़ थाना पुलिस'**

दस लोगो के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कर रही है जब कि मामला दोनो पक्षों मे मार पीट का है

जानकारी के अनुसार अवधेश पुत्र सरनाम सिंह निवासी महोलिया अपने भाई रो. हित के साथ ट्रक में आलू लेकर छत्तीसगढ जा रहा था गाड़ी खराब होने के कारण नसेनिया मोड़ के पास खड़ी कर दी थी तभी पीछे से आ रहे जहानाबाद निवासी कार चालक प्रदीप पुत्र गोविंद सिंह से गाड़ी को किनारे लगाने को लेकर विवाद शुरू हो गया जिस पर कार सवार व ट्रक चालक के बीच मारपीट होने लगी तभी कार सवार लोगों ने अपने साथियों को जहानाबाद से बुला,लिया1 दोनों पक्षो में को जमकर धुना व जबरन पकड़ कर थाने ले आए व थाना पुलिस पर राजनीतिक दबाव बना

**साढ़ पुलिस को दी खुली चुनौती कार्यवाही करो वर्ना तुम रहोगे या हम**

कर ट्रक चालक के खिलाफ लूट का फर्जी मुकदमा पंजीकृत कराने का दबाव बनाते हुए जबरन लूट का मुकदमा पंजीकृत कराने हेतु दबंगों ने थाने मे जमकर बवाल काटा जिनके सामने थाना प्रभारी सहित साढ़ पुलिस निष्क्रिय नजर आती रही अंतत: दबंग सत्ताधारी अपने मिसन मे कामयाब हो गए और साढ़ पुलिस इस मामले मे एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए दस लोगो के खिलाफ कार्यवाही करने को मजबूर हो गयी !

### जनता त्रस्त चौकी इंचार्ज मस्त

कानपुर नगर में काकादेव थ.ाना के अंतर्गत शास्त्री नगर चौकी के पास एक चाय वाले के परिवार वालों को खुल के सबके सामने मारा और उसको लहूलुहान कर दिया जिनके नाम रामनाथ शाह,सन्नी शाह, आशा देवी और रवि शाह है पूरे पि.रवार को बहुत ही बुरी तरह से मारा पीटा—मारने वाले है दबंग पि.रवार से रामपलट गौर, शिवानी गौर ,अभिषेक गौर, मोहन गौर, और शीला गौर, सवाल यह खड़ा होता है जब से काकादेव थ.ाना अध्यक्ष का ट्रांसफर हुआ है तब से शास्त्रीनगर चौकी इंचार्ज अपना काम बखूबी से नहीं कर पा रहे हैं इसी का खामियाजा यह परिवार भुगत रहा है कि इन लोगो ने एक परिवार को बुरी तरह मारा व पीटा और उनके ऊपर अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई ऐसा क्यो है ? पीड़ित लगा रहा है लगातार अधिकारियों के पास दौड़ कब होगी कार्यवाही

**चौकी इंचार्ज की नाक के नीचे हो रहा है जरायम, क्राइम और खुलकर दबंगों का आतंक एक चाय वाले को सबके सामने पीटा गया और चौकी इंचार्ज ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं कि**

## बच्चों और बुजुर्गों को किसी भी दशा में घर की दहलीज पार न करने दे, स्वयं भी आवश्यक कार्यों पर ही घरों से निकले बाहर

**देवेश मिश्रा ब्यूरो लखीमपुर**

लखीमपुर खीरी

शनिवार को जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र कुमार जिला मुख्यालय सहित खीरी टाउन पर लॉकडाउन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सड़कों पर पैदल निकल पड़े।

**लॉकडाउन सुनिश्चित कराने के लिए सड़कों पर पैदल निकले डीएम–एसपी**

डीएम–एसपी ने नितांत जरूरी कामों के लिए सड़कों पर निकल रहे राहगीरों से मास्क अनिवार्य रूप से लगाने के लिए अपील करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का ही शत प्रतिशत अनुपालन किया जाए।

डीएम ने कहा कि सतर्कता और सावधानी ही कोविड–19 के संक्रमण से बचने का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि कोविड के संक्रमण की चैन तोड़ने के लिए शासन द्वारा प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को घोषित लॉकडाउन का अनुपालन करते हुए स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि जाने–अनजाने में यदि आप किसी भी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं, तो बिना किसी विलंब के अपने निकटतम

**सतर्कता एवं सावधानी ही कोविड–19 से बचने का मूल मंत्र : डीएम**

कोविड टेस्टिंग सेंटर एवं कोविड मोबाइल टेस्टिंग वैन पर जाकर अपना और अपने परिवार का निशुल्क टेस्ट कराएं।

पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि जिलाधिकारी के साथ आज का यह औचक भ्रमण लॉक. डाउन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके भ्रमण के दौरान पुलिसकर्मी अपनी–अपनी ड्यूटी स्थल पर मौजूद मिले।

कोविड–19 प्रसार जनपद में दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। इसके दृष्टिगत सतर्कता और सावधानी को और बढ़ाए जाने की आवश्यकता है जिससे वास्तव में आप स्वयं और अपने परिवार को इस संक्रमण से बचाकर सुरक्षित कर सकते हैं।

डीएम एसपी ने जेल रोड, चिकित्सालय रोड, सदर चौराहा, संकटा देवी सहित प्रमुख मार्गों पर पैदल भ्रमण कर लॉक डाउन के अनुपालन का स्थलीय सत्यापन किया। इसी के साथ डीएम एसपी ने खीरी टाउन में भी पैदल भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर संजय नाथ तिवारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



## बाढ़ एवं कटान से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तत्पर : डीएम

**देवेश मिश्रा ब्यूरो लखीमपुर**

लखीमपुर खीरी

जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ एवं कटान से निपटने के लिए जिला प्रशासन मुख्यमंत्री जी के कुशल निर्देशन में पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिले की बाढ़ एवं कटान प्रभावित 05 तहसीलों का स्वयं उन्होंने जायजा लिया है। शासन की मंशा के अनुरूप जिले के प्रभावित हर व्यक्ति की हर संभव मदद के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने बताया कि कि सभी बाढ़ प्रभावित तहसीलों के उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को प्रभावित क्षेत्रों के व्यक्तियों को शासन की मंशा के अनुरूप हर संभव मदद करने के लिए निर्देशित किया जा चुका है। राजस्व, बाढ़ खण्ड तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार आवश्यक राहत कार्य सुचारू रूप से कराए जाएं।

डीएम ने बताया कि जिले में कुल 40 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में ग्रामीणों के आवागमन हेतु कुल 79 नावे लगाई गई है। वही सभी राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित कर दिया गया है कि नाव में क्षमता से अधिक व्यक्तियों

**बाढ़ प्रभावितों को राशन किट वितरण के साथ ही दी जा रही है स्वाथ्य सेवाएं जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावितों को हर सम्भव मदद मुहैया कराने के दिए निर्देश**



को कदापि ना बिठाया जाए। इन क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने हेतु चिकित्सा विभाग के एक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इसका नोडल बनाते हुए कुल 40 मेडिकल टीमें लगाई गई हैं एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में पशुओं हेतु 102 पशु शिविर भी लगाए गए हैं। मेडिकल टीमों द्वारा अब तक 1986 मानव का उपचार किया गया है। पशु शिविरों में अब तक 1293 पशुओं को उपचारित करने के साथ ही 19012 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में शासन द्वारा निर्धारित सामग्री के अनुरूप तैयार कराए गए खाद्यान्न किट अब तक 9419 लोगों में वितरित कराया जा चुका है। 15370 मीटर त्रिपाल भी वितरित किया जा चुका है। अभी तक इन क्षेत्रों में क्लोरो क्वीन टेबलेट का वितरण कराया जा चुका है। राजस्व विभाग के 5 मोटर बोट लगाए गए हैं। इसी के साथ साथ एक पीएसी की टीम भी राहत कार्यों के लिए क्रियाशील है।

डीएम ने बताया कि बाढ़ एवं अतिवृष्टि से अब तक 166 ग्राम प्रभावित हो चुके हैं। वही 15 ऐसे ग्राम हैं जिनके संपर्क मार्ग भी कट गए है। जिले की 80203 जनसंख्या अभी तक प्रभावित हुई है। कुल प्रभावित क्षेत्रफल 22615 हेक्टेयर है। कृषि योग्य भूमि 6594.54 हेक्टेयर प्रभावित है। 6445.72 हेक्टेयर बोया गया क्षेत्र फल प्रभावित है।

डीएम ने बताया कि कच्चे मकान 41, पक्के मकान 20 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त, 15 पक्के मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं वही 39 झोपड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं।

उन्होंने जनपद में हुई वर्षा शारदा एवं घाघरा ब्रिज पर नदियों के जलस्तर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 01 जून से 22 अगस्त तक दैनिक वर्षा 14 मिमी एवं क्रमिक वर्षा 725. 24 मिमी है। उन्होंने बताया कि शारदा नदी का शारदा बैराज पर आज का जलस्तर 135.45 मिमी, घाघरा नदी का गिरजा बैराज पर आज का जलस्तर आज 135.45 मिमी है।

डीएम ने बताया कि सभी उप जिला अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से बाढ़ एवं कटान पीड़ितों को खाद्यान्न किट वितरित कर रहे हैं।

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# ग्वालियर में बीजेपी का शक्ति प्रदर्शन, दो टाइगर के साथ प्रभात झा आएंगे नजर



**ग्वालियर।**

प्रदेश में 27 सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तारीखों का भले ही अभी ऐलान नहीं हुआ है। लेकिन बीजेपी के सभी नेता पूरे दम खम से तैयारियों में जुट गए हैं। इसी सिलसिले में कांग्रेस छोड़ने के बाद पहली बार ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने गृह नगर ग्वालियर आ रहे हैं। खास बात यह कि इस बार ग्वालियर में बीजेपी के सभी कद्दावर नेता भी मौजूद रहेंगे। जिनमें केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ साथ उनके कट्टर विरोधी प्रभात झा भी शामिल रहेंगे। ग्वालियर-चंबल ज्योतिरादित्य सिंधिया का गढ़ है। कांग्रेस छोड़ने वाले उनके ज्यादातर समर्थक इसी क्षेत्र से आते हैं। सिंधिया के इस दौरे की खासियत यह भी है कि कभी उनके कट्टर विरोधी रहे बीजेपी के उपाध्यक्ष प्रभात भी उनके साथ इस बार ग्वालियर में होंगे। सिंधिया के ग्वालियर दौरे दौरान मंच पर बीजेपी के तमाम दिग्गज नेताओं के एक साथ होने को एक तरीके से पार्टी का शक्ति प्रदर्शन के रुप में देखा जा रहा है। वहीं पार्टी बीजेपी में एकजुटता का संदेश भी देने जा रही है।

वहीं इस दौरान सिंधिया और प्रभात झा का मिलन देखना बेहद रोचक होगा। हालांकि इससे पहले वे दोनों भोपाल में साथ नजर आ चुके हैं। प्रभात झा बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। उपचुनाव तक पार्टी ने प्रभात झा को ग्वालियर में ही रहने का निर्देश दिया है।

## मध्य प्रदेश में भारी बारिश से उफान पर नदी नाले, साएम शिवराज ने ली उच्च स्तरीय बैठक



**भोपाल।**

मध्य प्रदेश में मूसलाधार बारिश से आमजन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर आ गए है, सड़कों पर पानी भर गया है। घरों से लेकर एयरपोर्ट तक 4-5 फुट तक पानी खड़ा है। इसके चलते बरगी, यशवंत सागर, बाणसागर जैसे बांधों के गेट खोले जा चुके है, वही भोपाल के भदभदा के गेट भी खोलने की तैयारी है। वहीं मौसम विभाग ने एक बार फिर आज रेड, ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 48 घंटे अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसको देखते हुए सीएम शिवराज ने कलेक्टरों को छोटे-बांधों बांधों की लगातार निगरानी करने को कहा और उन पर अमले को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए। वहीं नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के कंट्रोल रूम से लगातार संपर्क में रहने को कहा है। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, सागर, जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर संभाग में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। इस दौरान कहीं-कहीं भारी वर्षा भी हो सकती है। वहीं रविवार को रीवा, सागर, जबलपुर, शहडोल और चंबल संभाग में कहीं-कहीं भारी बरसात होने की संभावना है। शनिवार और रविवार को भोपाल, सागर, जबलपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। जिसके चलते इन जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के लगभग सभी जिलों में मूसलाधार वर्षा हो रही है। आज मैंने बैठक कर व्यवस्थाओं और टीम को मुस्तैद रखने के निर्देश दिये हैं। प्रदेश का कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा। हर जिले में आपदा नियंत्रण के लिए टीम तैयार है। कोई कठिनाई हो, तो सूचित करें; तत्काल मदद पहुंचेगी।

## कोरोना सकंट में ऑनलाइन कक्षाओं के लिए 50 किलोमीटर दूर जाते से थे छात्र, फिर मांगी एनसीपीसीआर से मदद

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण लॉकडाउन लगने और इसके बाद चक्रवात निसर्ग से बुरी तरह प्रभावित हुए दूर दराज के गांवों के 200 से अधिक बच्चे रोजाना 50 किलोमीटर की दूरी तय करके ऐसे स्थान पर जाने के लिए मजबूर थे जहां इंटरनेट कनेक्शन हो और वे ऑनलाइन कक्षाओं में पढ़ सकें। महामारी और फिर एक प्राकृतिक आपदा की चपेट में आने के बाद महाराष्ट्र के दूरदराज के गांवों के बच्चों को जून की शुरुआत में इंटरनेट की दिक्कतों का सामना करना पड़ा क्योंकि रत्नागिरि जिले में इंटरनेट सेवा बाधित हो रही थी। एक महीने बाद भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर एक छात्र ने आखिरकार बाल अधिकार शीर्ष निकाय एनसीपीसीआर से मदद मांगी। एननसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इसपर यह सुनिश्चित किया है कि सेलुलर कंपनियों और क्षेत्र के जिला मजिस्ट्रेट तक बात पहुंचाई जाए और इंटरनेट सेवा तेजी से बहाल की जाए। उन्होंने बातचीत में कहा एनसीपीसीआर ने लगातार अधिकारियों से इस पर संपर्क बनाए रखा और आखिरकार एक कंपनी ने इंटरनेट सेवा शुरू कर दी जबकि शेष कंपनियों ने कहा कि वे शीघ्र ही इंटरनेट सेवा शुरू कर देंगी।

## शर्मनाकः कोरोना संक्रमित होने पर गर्भवती महिला को भर्ती करने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 69,878 नये मामलों के साथ संक्रमितों का आंकड़ा 29,75,701 हो गया। देशभर में 945 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55,794 हो गयी। वहीं पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया जहां कोविड टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद अस्पताल ने गर्भवती को भर्ती करने से किया इनकार कर दिया। महिला के परिजनों का कहना है कि महिला की कोविड टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने आने के बाद इस अस्पताल ने तेज लेबर पेन पर भी उसे भर्ती करने से इनकार कर दिया और कोविड अस्पताल जाने को कहा था, इस दौरान कोविड अस्पताल में शिफ्ट होने के लिए एम्बुलेंस का इंतजार करते हुए ही बच्चे को जन्म दिया। महिला और नवजात को जीबी पंत अस्पताल में शिफ्ट कर दिया, जो कि कोविड-19 अस्पताल है। आपको बतां दे कि त्रिपुरा में कोविड-19 के 256 नये मरीजों के सामने आने के बाद राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 8,109 हो गई है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान चार मरीजों की मौत हो गई।

## अब बस से भी कर सकेंगे दिल्ली से लंदन तक का सफर, रास्ते में 18 देशों की सैर होगी मुफ्त

**नेशनल डेस्क।**

महामारी कोरोना ने कभी धीमी न होने वाली दुनिया की रफ्तार पर ब्रेक लगा दी है। जहां एक और विदेश जाने कई देशों ने विदेशी यात्रियों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है तो वहीं दूसरी तरफ एक ट्रैवल एजेंसी ने आपको लंदन घूमाने के लिए बड़ा ही आसान रास्ता ढूंढ निकाला है, जिसके सहारा आप बीना हवाई जहाज के लंदन घूम सकते हैं। दरअसल गुरुग्राम की प्राइवेट ट्रैवलर कंपनी ने 15 अगस्त को नाम की एक बस लॉन्च की है जो आपको दिल्ली से लंदन तक ले जाएगी। 70 दिनों के भीतर 20,000 किलोमीटर का सफर तय होगा। दिलचस्प बात यह है कि इस सफर में आप 18 अन्य देशों से भी होकर गुजरोगे। इसमें इंडिया, म्यांमार, थाईलैंड, लाओस, चीन, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान, रूस, लातविया, लिथुआनिया, पोलैंड, चेक गणराज्य, जर्मनी, नीदरलैंड, बेल्जियम, फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम आदि देश शामिल हैं। बस में सफर करने के लिए भी आपको 10 देशों के वीजा की जरूरत होगी। हालांकि इसका इंतजाम कंपनी ही करेगी। यात्री के ठहरने का इंतजाम 4 स्टार और 5 स्टार होटल में किया जाएगा। इस सफर के लिए आपको अपने जेब से 15 लाख रुपये खर्चने होंगे। जो लोग एक साथ पैसे नहीं दे सकेत वे किस्त के रूप में भी किराया चुका सकते हैं। इस बस में 20 सवारियों के बैठने का इंतजाम होगा और सभी सीटें बिजनेस क्लास की होंगी। बस में 20 सवारी के



अलावा 4 अन्य लोग और होंगे, जिसमें एक ड्राइवर, एक असिस्टेंट ड्राइवर, ऑर्गेनाइजर की तरफ से एक शख्स और एक गाइड होगा। ट्रैवल कंपनी का फाउंडर का कहना है कि वे और उनके साथी साल 2017, 2018 और 2019 में भी कार से दिल्ली से लंदन का सफर कर चुके हैं।

## चीन और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने कश्मीर, सीपीईसी समेत कई मुद्दों पर बात की

**बीजिंग।**

चीन और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच शुक्रवार को दूसरी सालाना रणनीतिक वार्ता हुई। इसमें उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करने के तरीकों, कश्मीर मुद्दा, चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर प्रगति और अफगान शांति प्रक्रिया के बारे में बात की। दक्षिण चीन के हैनान में बैठक शुरू होने से पहले दोनों देशों ने इसे %समसामयिक एवं बेहद महत्वपूर्ण% बताया था। इसमें चीन के विदेश मंत्री वांग यी और उनके पाकिस्तानी समकक्ष शाह महमूद कुरैशी ने कई द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बातचीत की। बैठक के अंत में जारी संयुक्त बयान में कहा गया, दोनों पक्षों ने यह रेखांकित किया कि शांतिपूर्ण, स्थिर, सहायक एवं समृद्ध दक्षिण एशिया सभी पक्षों के साझा हित में है। सभी पक्षों को क्षेत्र में अपने मतभेद एवं मुद्दे वार्ता के जरिए तथा समानता एवं साझा सम्मान को ध्यान में रखते हुए सुलझाने होंगे। इसमें कहा गया, पाकिस्तानी पक्ष ने चीनी पक्ष को जम्मू-कश्मीर में हालात, चिंताओं तथा वर्तमान के आवश्यक मुद्दों के बारे में जानकारी दी। मुद्दों के बारे में जानकारी दी। संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया,चीनी पक्ष ने दोहराया कि कश्मीर मुद्दा भारत एवं पाकिस्तान के बीच इतिहास से विवाद बना हुआ है, यह एक वस्तुनिष्ठ तथ्य है और इस विवाद का हल संयुक्त राष्ट्र के घोषणा-पत्र, सुरक्षा परिषद के संबद्ध संकल्पों और द्विपक्षीय समझौतों के जरिए शांतिपूर्ण एवं उचित तरीके से होना चाहिए।

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी अभी भी कोमा में, डॉक्टर बोले- हम जुटे हैं इलाज में

**नेशनल डेस्क।**

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी गहरे कोमा में हैं लेकिन उनकी हालत स्थिर है। अस्पताल ने शनिवार की सुबह यह जानकारी दी। मुखर्जी (84) का उपचार कर रहे डॉक्टरों ने कहा कि उनका श्वास नली में संक्रमण का इलाज किया जा रहा है और अब भी वह वेंटिलेटर पर हैं। मुखर्जी को 10 अगस्त को दिल्ली छावनी स्थित सेना के रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उसी दिन उनके मस्तिष्क की सर्जरी हुई थी। पूर्व राष्ट्रपति की जांच में कोरोना वायरस संक्रमण की भी पुष्टि हुई थी। बाद में उन्हें फेफड़े का कैंसर हो गया था जिसका इलाज किया जा रहा है। अस्पताल की ओर से जारी एक वक्तव्य में कहा गया कि प्रणब मुखर्जी की हालत में आज सुबह तक कोई परिवर्तन



नहीं आया है। वह गहरे कोमा में हैं और उनके श्वास नली में संक्रमण का इलाज किया जा रहा है। उनकी हालत स्थिर है और वह अब भी वेंटिलेटर पर हैं। प्रणब मुखर्जी 2012 से 2017 तक भारत के राष्ट्रपति थे।

## कोरोना का कहरः इन तीन राज्यों में 24 घंटों के दौरान 533 मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।**

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) से देश में पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक मौतें महाराष्ट्र तमिलनाडु और कर्नाटक में हुई है। इन तीनों राज्यों में इस दौरान 533 मरीजों की जानें गयी है जो इस अवधि में देशभर में हुई कुल मौतों का 56.41 प्रतिशत है। महाराष्ट्र में जहां पिछले 24 घंटे में कोविड-19 से 339 मरीजों की मौत हुई है। वहीं तमिलनाडु में 101 तथा कर्नाटक में 93 लोगों ने इसके कारण जान गंवाई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान 69878 संक्रमण के मामले आने से संक्रमितों की संख्या 29,75,701 हो गयी है। वहीं इस दौरान 945 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55,794 पर पहुंच गयी है। देश में स्वस्थ होने वाले लोगों की कुल संख्या 22,22,577 हो गयी है। कोरोना के सक्रिय मामले लगातार बढ़ते हुए 6,97,330 पर पहुंच गए हैं।

दक्षिणी राज्य कर्नाटक में पिछले 24 घंटों के दौरान मरीजों की संख्या 917 बढ़ी है और यहां अब 83,082 सक्रिय मामले हैं। मरने वालों का आंकड़ा 93 बढ़कर 4522 पर पहुंच गया है। राज्य में अब तक 1,76,942 लोग स्वस्थ हुए हैं। तमिलनाडु में सक्रिय मामलों की संख्या 130 बढ़कर 53,413 हो गये हैं तथा 6340 लोगों की मौत हुई है। वहीं राज्य में अब तक 3,07,677 लोग संक्रमणमुक्त हुए हैं। आबादी के हिसाब से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान 726 मरीज कम हुए हैं जिससे सक्रिय मामले 47,785 हो गये हैं तथा इस महामारी से 2797 लोगों की मौत हुई है जबकि 1,26,657 मरीज ठीक हुए हैं। बिहार में 1426 मरीज कम हुए हैं और अब यहां सक्रिय मामलों की संख्या 25,363 हो गयी है। राज्य में 498 लोगों की मौत हुई है जबकि 91,552 लोग संक्रमणमुक्त भी हुए हैं। देश के पूर्वी राज्य पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस के 27,804 सक्रिय मामले हैं तथा 2689 लोगों की मौत हुई है, वहीं अब तक 1,01,871 लोग स्वस्थ हुए हैं। तेलंगाना में कोरोना के 22,386 सक्रिय मामले हैं तेलंगाना में कोरोना के 22,386 सक्रिय मामले हैं और 744 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 78,735 लोग इस महामारी से ठीक हुए है। गुजरात में सक्रिय मामले 14,177 हैं तथा 2867 लोगों की मौत हुई है। राज्य में 67,267 लोग इस बीमारी से स्वस्थ भी हुए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले 24 घंटों में सक्रिय मामले की तादाद में 155 की वृद्धि होने से यह संख्या 11,426 हो गये हैं। वहीं संक्रमण के कारण मरने वालों की संख्या 4270 हो गयी है तथा अब तक 1,42,908 मरीज रोगमुक्त हुए हैं। कोरोना महामारी से अब तक मध्य प्रदेश में 1185, पंजाब में 991, राजस्थान में 933, जम्मू-कश्मीर में 593, हरियाणा में 585, ओडिशा में 390, झारखंड में 297, मणिपुर में 20 , लद्दाख में 19, नागालैंड में आठ, मेघालय में छह, अरुणाचल प्रदेश में पांच, सिक्किम में तीन तथा दादर-नागर हवेली एवं दमन-दीव में दो लोगों की मौत हुई है।

## भारत में 30 लाख के करीब पहुंचे कोरोना के मामले, एक दिन में 945 लोगों ने तोड़ा दम

**नेशनल डेस्क।** देश में कोरोना महामारी की बढ़ती विकरालता के बीच एक दिन में रिकॉर्ड 70 हजार के करीब नए मामले सामने आए हैं, जिससे संक्रमित मरीजों की संख्या 29 लाख 75 हजार 701 हो गई है। वहीं पिछले 24 घंटे में 945 लोगों ने जान गवा दी है। हालांकि संक्रमण से ठीक होने वालों की संख्या में भी लगातार इफाजा हो रहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार की सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 29,75,702 है। देश में अभी कोरोना के 6 लाख 97 हजार 330 एक्टिव केस हैं जबकि कोरोना संक्रमण के चलते 55 हजार 794 मरीजों की जान जा चुकी है। देशभर में पिछले 24 घंटों के दौरान 945 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55,794 हो गई है। देश में सक्रिय मामले 23.82 प्रतिशत और रोगमुक्त होने वालों की दर 74.30 प्रतिशत है जबकि मृतकों की दर 1.89 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार अस्पतालों में बेहतर चिकित्सकीय प्रबंधन, होम आइसोलेशन में मरीजों की प्रभावी निगरानी, बेहतर ऑक्सीजन स्पोर्ट सिस्टम और मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में जुटी एंबुलेंस सेवाओं के कारण देश में मृत्यु दर गिरावट में है। वहीं कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण का पता लगाने के लिए देशभर में पिछले 24 घंटे के दौरान 8,05,985 नमूनों की जांच की गयी है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 20 अगस्त को देश भर में 8,05,985 नमूनों की जांच की गयी और इसके साथ ही अब तक जांच किये गये नमूनों की कुल संख्या बढ़कर 3,34,67,237 हो गयी है। इस बीच देश में कोरोना परीक्षण लैब की संख्या बढ़कर 1,504 हो गयी है।

## संक्षिप्त समाचार



### पढ़े-लिखे बेरोजगारों के लिए खास खबर, नौकरियों को लेकर कैप्टन ने किया बड़ा ऐलान

**जालंधर /चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने नौकरियों को लेकर शुक्रवार को अपने फेसबुक लाइव प्रोगराम दौरान बड़ा ऐलान करते कहा कि वित्तीय साल 2021 -22 के बीच 6 लाख नौकरियां देने की प्रक्रिया शुरू होगी, जिसमें से 1 लाख सरकारी नौकरियां अगले महीने से देनी शुरू कर दी जाएंगी। पी.एस.पी.सी.एल. की रिक्तियां नतीजों के ऐलान से 6 महीने बाद भी न भरने के बारे मुख्यमंत्री ने जालंधर के एक निवासी को आश्वासन दिया कि लॉकडाउन के कारण देरी हुई है और सहायक लाईनमैन के लिए 2393 और सहायक इंजीनियर (इलैक्ट्रिकल) के लिए चुने गए 71 उम्मीदवारों को पहले ही नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए हैं। अब लेखा अधिकारियों, माल लेखाकार और सुपरडैंट डिवीजनल अकाउंटेंट की रिक्तियों पर चुने गए उम्मीदवारों को अगले हफ्ते नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के अनुसूचित जाति से संबंधित विद्यार्थी ने शिकायत की है कि यूनिवर्सिटी ने सरकार की तरफ से उसकी फीस भरे जाने तक उसे डिटेल मार्क्स शीट (डी.एम.सी.) और डिग्री देने से इन्कार कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह यह मुद्दा केंद्र सरकार के पास उठाएंगे और इस दौरान वह वाइस चांसलर को भी कहेंगे कि वह विद्यार्थियों को डिग्रियां जारी करें क्योंकि भारत सरकार की स्कीम मुताबिक अनुसूचित जाति विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक वज़ीफ़ा सीधा विद्यार्थियों के खातों में जाता है। हालांकि यह वज़ीफ़ा अभी नहीं आ रहा। उन्होंने कहा कि आर्थिक फ्रंट पर मुश्किलों के साथ जूझ रही राज्य सरकार पर इस स्कीम का समूचा 780 करोड़ रुपए का भार फैंक दिया गया है लेकिन इसके बावजूद वह अनुसूचित जाति विद्यार्थियों को कोई मुश्किल पेश न आने देने के लिए तत्पर हैं।

### सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गारा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला में सुरक्षा बलों के साथ संघर्ष में शनिवार को एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने बारामूला जिले के क्रीरी में चक-ए-सालूसा इलाके में सुबह घेरेबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं। इसके बाद सुरक्षा बलों में भी जवाबी कार्रवाई की और इस मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। आतंकवादी की पहचान की जा रही है और उसके संगठन के बारे में पता लगाया जा रहा है।

### सीमावर्ती रामगढ़ इलाके में व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत

**साम्बा ।** जिले के सीमावर्ती रामगढ़ इलाके में एक व्यक्ति की संदिग्ध हालत में कोई जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मेहर सिंह निवासी बंदराल के परिजनों ने उसे कमरे में बेसुध पडे देखा। उसे उठाकर इलाज के लिए अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन इलाज के दौरान डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लिया। इस संदर्भ में मामला दर्ज कर लिया गया।

### तेज बारिश से इंदौर में जनजीवन अस्त व्यस्त, शहर के कई हिस्सों में भरा पानी, यशवंत सागर के खुले 6 गेट

**इंदौर।** इंदौर में हो रही तेज बारिश से सारा शहर जलमग्न हो गया है। शुक्रवार रात से शुरू हुई तेज बारिश जो अभी तक जारी है, उसमें 24 घंटे में लगभग 10 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। बारिश इतनी तेजी से गिर रही है कि ऐसा लगता है बादल ही फट गए हैं। इंदौर शहर के अधिकांश हिस्सों में पानी पानी हो गया हो गया है। लगातार हो रही बारिश के बाद यशवंत सागर के 6 गेट खोल दिए गए हैं। तेज बारिश से शहर के 1 दर्जन से ज्यादा क्षेत्रों में पानी का भराव हो गया है। नाले किनारे की बस्तियों में पानी भर गया है, जिससे आमजन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। नाले किनारे बसे लोगों के घरों तक पानी भर गया है। पानी मे आधे आधे घर डूब गए हैं। सड़के तालाब बन गई है। गलियों में 3 से 4 फिट का पानी जमा हो गया है। साथ ही साथ मंदिर के रास्ते भी डूब गए हैं। ऐसे में क्षेत्र की जनता परेशान हो रही है। लेकिन अभी तक कोई पदाधिकारी मौजूद उनका हाल जानने नहीं पहुंचा है। सड़के तालाब बन गई है। गलियों में 3 से 4 फिट का पानी जमा हो गया है। साथ ही साथ मंदिर के रास्ते भी डूब गए हैं। वहीं निगम कंट्रोल रूम में शिकायतों का अंबार लग गया है।

### ग्वालियर-चंबल में बीजेपी-कांग्रेस आमने सामने, सिंधिया का विरोध कर रहे कई कांग्रेसी गिरफ्तार

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश की 27 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर चुनावी शतरंज की बिसात बिछ गई है और प्रदेश के दोनों प्रतिद्वंद्वी दल कांग्रेस और भाजपा की शाह और मात की बाजी का शुभारंभ हो गया है। ग्वालियर - चम्बल सम्भाग में होने वाली 16 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। आज जहां बीजेपी फूलबाग पर ग्वालियर- चम्बल का भाजपा सदस्यता अभियान करने वाली हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर भाजपा के इस आयोजन को कोरोना गाइड लाइन का उल्लंघन बताया और कांग्रेस कार्यालय फूलबाग तक से पैदल मार्च किया लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता खुद भूल गए कि वह जिस कोरोना की दुहाई बीजेपी को दे रहे है और उसके विरोध में यह कार्यक्रम कर रहे हैं। वह स्वयं इतने भारी संख्या में जुटकर उल्लंघन कर रहे हैं। इसके चलते पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। भारी मात्रा में गिरफ्तारी के लिए पुलिस को बसों का इस्तेमाल करना पड़ा। लेकिन यह तो राजनीति है फिलहाल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्वालियर में प्रदर्शन कर और अपनी गिरफ्तारी दे कर ज्योतिरादित्य सिंधिया को यह बता दिया कि जिस कांग्रेस को वह मरा समझ कर छोड़ गए थे आज वहीं कांग्रेस उनसे मुकाबला कर रही है।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर, सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत
गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# उत्तरप्रदेश में कोरोना संक्रमण के 5375 नए मरीज सामने आए

लखनऊ (एजेंसी)। पिछले 24 घंटों के दौरान उत्तरप्रदेश में का.रोना संक्रमण के 5375 नए मरीज सामने आए। इस दौरान कोरोना वायरस से 70 और लोगों की मौत हो गई। इस अवधि में राज्य में 4638 मरीज कोविड–19 संक्रमण से उबर कर ठीक हुए हैं। राज्य में इस वक्त उपचाराधीन मरीज 48,294 हैं।

स्वास्थ्य विभाग की शनिवार की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान को.विड–19 संक्रमित 70 और लोगों की मौत हुई है। इनमें लखनऊ में सबसे ज्यादा 15 मौतें हुई हैं। विभाग के अनुसार इसके अलावा प्रयागराज और बरेली में छह–छह, गोरखपुर वाराणसी और पीलीभीत में चार–चार, कुशीनगर, मुरादाबाद और कानपुर नगर में तीन–तीन, जौनपुर और उन्नाव में दो–दो तथा झांसी, देवरिया, बाराबंकी, आजमगढ़, शाहजहांपुर, गाजीपुर, अयोध्या, महराजगंज, बुलंदशहर, मथुरा, बहराइच, इटावा, कन्नौज, रायबरेली, बदायूं, औरैया, भदोही तथा बांदा में कोविड–19 संक्रमण से एक–एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है।

राज्य में कोविड–19 से अब तक 2867 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में 5375 नए मरीजों का पता लगा है। इनमें 769 नए मामलों के साथ लखनऊ एक बार फिर शीर्ष पर है। इसके अलावा गोरखपुर में 363, प्रयागराज में 300, कानपुर नगर में 231, मुरादाबाद में 156, वाराणसी में 154, बरेली और बाराबंकी में 134–134, झांसी में 117 और अलीगढ़ में 105 नए मरीजों का पता लगा है।

## पत्नी को बुलाने आए दामाद की जहर देकर हत्या

अलीगढ़ (एजेंसी)। थाना खैर क्षेत्र में अपनी पत्नी को बुलाने उसके मायके गये पति की ससुरालीजनों द्वारा मारपीट कर जहर देकर हत्या कर षव को दूसरे गांव के बाहर फेंक दिया। टप्पल थाना क्षेत्र के कस्बा जट्टारी के मोहल्ला तालाब निवासी ललित शुक्रवार को अपनी पत्नी को बुलाने के लिए खैर कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊ अपनी ससुराल गया था। जहां उसके ससुर सोनपाल , साले नीरज व मृतक की पत्नी के प्रेमी सोनू ने ललित को पकड़कर मारपीट की और उसे जबरदस्ती विषाक्त पदार्थ का सेवन करा कर गांव बाकनेर के बाहर फेंक दिया और मृतक की पत्नी को उसके प्रेमी सोनू के साथ भेज दिया। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने गंभीर अवस्था में ललित को जिला अस्पताल भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो

# सार–समाचार

## कानपुर–शटडाउन के संबंध में पारेषण खंड

कानपुर–शटडाउन के संबंध में पारेषण खंड द्वारा दिनांक 23–8–2020 को 220 के0वी0 नौबस्ता पारेषण उप केंद्र द्वारा 132 के0वी0 मेन बेस अनुरक्षण का कार्य कराए जाने हेतु प्रातः 7:00 से 9:00 बजे तक शटडाउन लिया जाना प्रस्तावित है उपरोक्त शटडाउन के कारण 33 के0वी0 बुढपुर, मछरिया, पशुपति नगर, हैरिसगंज, आनंदपुरी, हंस पुरम, के ब्लॉक, किदवई नगर, दबौली, नौबस्ता प्रथम, बाबू पुरवा, बाराद.वी, कोयला नगर, सजारी सीवेज प्लांट, नौबस्ता–2, गल्ला मंडी, गोविंद नगर, डिप्टी का पड़ाव आदि क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था प्रभावित रहेगी

## चौकी प्रभारी जाजपुर थाना घाटमपुर को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर जांच के आदेश

**खबर का असर**

**उक्त प्रकरण में पुलिस उपमहानिरीक्षक,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कानपुर नगर द्वारा उप निरीक्षक जगप्रताप सिंह परिहार चौकी प्रभारी जाजपुर थाना घाटमपुर को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर जांच के आदेश दिये गये है**

श्रकानपुर नगर जा.जपुर चौकी इंचार्ज जेपी सिंह परिहार का वर्दी में शराब पीते वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है एसएसपी ने क्षेत्राधिकारी को जांच के आदेश दिए है ।

चौकी इंचार्ज अपने कुछ हम.राही सिपाहियों के साथ मे बैठा है और खुलेआम शराब पी रहा है।

जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ आपको बता दें कि घाटमपुर कोतवाली के जाजपुर चौकी प्रभारी जे पी परिहार का वर्दी में शराब पीते वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है आपको बता दें कि चौकी इंचार्ज का विवादों से पुराना नाता रहा है बीते कुछ दिन पहले भी जे पी परिहार एक गांव में बवाल के लिए फेमस रहे है वहीं पुलिस विभाग के लिए शर्मिंदगी का वीडियो वायरल हुआ है ।



जिसमे चौकी प्रभारी अपनी ड्यूटी के वक्त शराब पी रहे है एसएसपी ने क्षेत्राधिकारी रवि कुमार सिंह को जांच के आदेश दिए हैं

## कोरोना व नशा मुक्त भारत के लिए किया गया शांति यज्ञ...ज्योति बाबा

कानपुर (संजय मौर्य, उत्तरप्रदेश ब्यूरो) सोसाइटी योग ज्योति इंडिया व श्री श्री गणेश लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में बढ़ती कोरोना व नशा मुक्त भारत के लिए रावतपुर मह.ाराणा मंदिर में महंत राम अवतार दास द्वारा संपन्न कराए गए शांति यज्ञ के बाद हुई सोशल डिस्टेंसिंग यज्ञ सभा में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्त अभियान के प्रमुख योग गुरु ज्योति बाबा ने कहा कि डब्ल्यूएचओ की गाइडलाइंस में यह साफ कहा है कि पान मसाला तंबाकू सिगरेट व अन्य नशे में प्रतिबंध लगाकर खासतौर से विकासशील देश कोरोनावायरस की घातकता को काफी हद तक कम कर सकते हैं बस उन्हें यह देखना होगा कि सरकारें अपनी जनता को प्यार करती हैं या नशे के व्यापार से मिलने वाला तुच्छ राजस्व उनके लिए आवश्यक है श्री ज्योति बाबा ने आगे कहा कि युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ाने हेतु एक बहुत बड़ा नेटवर्क रात दिन काम कर रहा है क्योंकि यह नशे का अवैध व्यापार इतने बड़े स्तर पर चलने के बा.वजूद सरकार रोकने में पूरी तरह नाकाम है मेडिकल रिपोर्ट कहती है कि एक बार गांजा अफीम व ड्रग्स की लत लग जाने पर बिना उचित इलाज के छूट नहीं पाती है क्योंकि इसका सेवनकर्ता अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति व आत्मबल खो देता है सबसे दुखद पहलू शिक्षा के केंद्रों पर अवैध नशे के कारोबारियों ने कब्जा कर एक नए अपराधि.ाक केंद्र बनाने का काम किया है महंत राम अवतार दास ने कहा कि युवा शक्ति को नशे के रोग से बचाने हेतु युद्धस्तर पर नशा मुक्त भारत अभियान को जमीनी स्तर पर शासन चलाएं, इस दिशा में ज्योति बाबा के नेतृत्व में भारत के बचपन को नशे के रोग से बचाने के अभियान में सभी को तन मन धन से सहयोग करना चाहिए ।यज्ञ के अंत में सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई । शांति यज्ञ में भाग लेने वाले प्रमुख सर्वश्री अनिल सैनी एडवोकेट राकेश चौरसिया स्वामी गीता निखिलेश चौरसिया आदि उपस्थित रहे।



## ट्रेन की चपेट में आकर किशोर की मौत

**बेटे की मौत से चिंतित पिता ने ट्रेन के आगे कूद कर किया आत्महत्या करने का प्रयास समय पर परिजनों व पुलिस ने पकड़ कर बचाई मृतक के पिता की जान**

कानपुर गोविंद नगर थाना अंतर्गत रतन नगर चौकी क्षेत्र के गुजैनी नहर के ऊपर झांसी रेलवे लाइन के बगल में सुबह करीब 7:00 बजे वहां से गुजर रहे राहग.ीरों द्वारा पटरी किनारे देखा गया किशोर का शव जिसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी जिनकी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराकर परिजनों को बुलावाया।

ऋजहां परिवारिक जनों को बेटे की मौत की खबर मिलते ही उनके होश उड़ गए मां बहन और पिता जोर जोर से रोने चिल्लाने लगे मृतक के पिता से पूछने पर उन्होंने बताया कि मृतक किशोर मेरा बेटा है जिसका नाम गगनदीप उर्फ नानू उम्र 17 वर्ष है जोकि कल शाम से लापता था ।

जिसे हम लोग कल से निरंतर ढूंढ रहे थे और रात में बेटे का 10:00 बजे फोन भी आया था जिसमें उसने कहा था।

कि मैं घर आ रहा हूं लेकिन वह घर नहीं लौटा और सुबह उसका शव पटरीयों किनारे मिला

ऋसुरजीत सिंह अपने पूरे परिवार पत्नी जसविंदर कौर बेटी रविंदर कौर और बेटे गगनदीप संग ढाई वर्षो से गोविंद नगर थाना क्षेत्र के गुजैनी जे ब्लॉक में किराए का मकान लेकर रहते थे पिता गार्ड की नौकरी करते थे मां घर पर रहती थी बड़ी बेटी प्राइवेट स्कूल में टीचर है और बेटा इस बार 11वीं कक्षा मे गया था स्कूल बंद होने के कारण अभी 7 दिन पहले ही गगनदीप ने प्राइवेट फैक्ट्री में काम करना शुरू किया था जिसका अज्ञात कारणवश रेलवे लाइन किनारे शव मिला

किशोर की मौत पर स्वजनों ने लगाया हत्या का आरोप



## समाजसेवी ने गौशाला के संबंध में जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन।

भदोही। सरकार भले ही गौवंश के संरक्षण के लिए हर जिले गौ आश्रय स्थल बनाकर गायों को रहने और खाने की व्यवस्था की बात करती है लेकिन स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार लोग अपने मनमानी पूर्ण कार्य से बाज नही आते है। एक ऐसा ही मामला ऊंज थाना क्षेत्र के मीनापुर में बने अस्थायी गौ आश्रय स्थल में देखने को मिल रहा है जहां पर लापरवाही और मनमानी की सारे हदें पार की जा रही है। मीनापुर गौ आश्रय स्थल में गायों को साफ पानी नही दिया जाता है। देखभाल सही से नही किया जा रहा है। आये दिन एक गायें मौत की मुंह में समा जा रही है। स्थानीय लोगों के कहने के बावजूद भी जिम्मेदार मौन साधे है और अपनी मनमानी कार्य को कर रहे है। इस गौशाला में गाये भूख या बीमारी से मर रही है लेकिन एक खुलासा और हुआ कि उस गौशाला में गायों को सुई लगा दी जाती है जिससे गायें मर जाये। लेकिन जिले के जिम्मेदार इस तरह के कुकृत्यों में लिप्त लोगो पर कार्यवाही नही कर रहे है जिससे उनका मनोबल बढा है। इस समस्या से परेशान होकर मीनापुर के निवासी समाजसेवी अनिल तिवारी ने बुधवार को जिलाधिकारी को पत्रक देकर उस गौशाला की समस्या के बारे में बताया तथा जांच की मांग भी की। हालांकि मीनापुर गौशाला तो एक उदाहरण मात्र है जिले में बने सभी गौ आश्रय स्थल केवल खानापूर्ति से और राम भरोसे चल रहे है। ग्राम स्तर से लेकर जिलास्तर के लोग केवल खानापूर्ति में जुटे है। यदि जिलास्तर के लोग तटस्थ होते तो स्थानीय स्तर के जिम्मेदारों की क्या मजाल की शासन के दिशा निर्देश की अवहेलना करें। लेकिन इस समय जिले में बने गौ आश्रय स्थल गौहत्या केन्द्र बनते नजर आ रहे है। और इस पर शासन और प्रशासन के लोगों को ध्यान देना जरूरी है। नही तो सरकार की योजना केवल कागज तक ही सिमट कर रह जायेगी।




कानपुर–चमनगंज के अन्तर्गत मोहम्मद अली पार्क हाजी शैरा चौराहे पर स्थित जैनुल नाम के मोबाइल शॉप पर चोरी , चोरों ने रात में किया 70 मोबाइल पार सुबह सबकों पता चलते ही लोगों में मची अफरा–तफरी




## पत्रकार अंकित पाण्डेय ने मातृ–पितृ पूजन करके मनाया जन्मदिन।

भदोही। गोपीगंज क्षेत्र के कौलापुर निवासी पत्रकार और समाजसेवी अंकित पाण्डेय ने वृहस्पतिवार को अपना जन्मदिन वृक्षारोपण करके मनाया। अंकित पाण्डेय की यह पहल की हर जगह चर्चा हो रही है। मालूम हो कि अंकित पाण्डेय अपने सामाजिक कार्य, ईमानदारी और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते है। अंकित अपने इतनी छोटी उम्र में भी कई ऐसे कार्य कर चुके है जो मिल का पत्थर साबित हो रहा है। अंकित हर वर्ष अपने जन्मदिन पर वृक्षारोपण, माता–पिता का पूजन और धार्मिक स्थलों पर दर्शन करते है। अंकित पाण्डेय ने बताया कि जन्मदिन के मौके पर हम सब को पाश्चात्य संस्कृति से प्रेरित होकर केक काटकर या मोमबत्ती बुझाकर जन्मदिन नही मनाना चाहिए। कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुसार जीवन के नये दिन की शुरूआत अपने माता–पिता की पूजा और धार्मिक व सामाजिक कार्य के साथ करना चाहिए। अंकित ने बताया कि बडे ही भाग्य से मानव जन्म मिला है। इसीलिए लोगों का सहयोग करना धर्म है। साथ में प्रकृति के ऋण के बारे में कहा कि जब से हम जन्म लेते है तब से लेकर पूरे जीवन तक प्रकृति हमारी रक्षा और सहयोग करती है तो हमारा भी कर्तव्य बनता है कि प्रकृति के ऋण से उऋण होने के लिए वृक्षारोपण करें। जिससे पर्यावरण और प्रकृति में और सुन्दरता बढे। अंकित पाण्डेय के इस पुनीत कार्य की काफी चर्चा हर जगह होती है। अंकित पत्रकारिता क्षेत्र में भी काफी सक्रिय है। और अपनी पत्रकारिता में हमेशा कमजोर और गरीब की आवाज को उठाने में आगे रहते है और यथाशक्ति मदद के लिए तैयार रहते है। अंकित के जन्मदिन के मौके पर व्यक्तिगत रूप से और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों का शुभकामना देने का दौर पूरे दिन जारी रहा। सभी ने अंकित को बधाईयां व शुभकामनाएं दी।

## भू माफियाओं ने साधु को भी नहीं बख्शा

## जबरन जमीन पर किया कब्जा लेखपाल दे रहा भूमाफिया का साथ जांच की किया फर्जी रिपोर्टिंग

रायबरेली सलोन तहसील में लेखपालों द्वारा की जा रही फर्जी रिपोर्टिंग से जमीन संबंधी विवादों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है लेखपाल और भूमाफिया गठजोड़ से अधिकारी गुमराह हो रहे हैं और हरियादी हैरान हैं अतर थरिया गांव में इसका जीता जागता उदाहरण देखने को मिल सकता है तहसील सलोन के राजस्व गांव अतर थरिया में अनुसूचित जनजाति के लालता प्रसाद पुत्र सिकंदर की भूमि संख्या 82 83 80 पर भू–माफिया ने जबरन कब्जा कर लिया साधु भेस में जीवन कर रहे लालता प्रसाद ने अपनी जमीन भू माफियाओं के कब्जे छुड़ाने के लिए एंटी भू माफिया पोर्टल जिला अधिकारी मुख्यमंत्री तथा पुलिस अधीक्षक से शिकायत दर्ज कराई परन्तु क्षेत्रीय लेखपाल अमृत लाल व भूमाफियो के तगड़े गठजोड़ के कारण दबंग भू माफियाओं ने अभी तक कब्जा नही छोड़ा पीड़ित भू स्वामी लालता प्रसाद ने मैकू यादव पुत्र हीरालाल सुरेंद्र कुमार पुत्र राम सुमि.रन यादव हरिश्चंद्र सुरेश कुमार तथा रामखेलावन के खिलाफ तमाम शिकायतें दर्ज कराई है गौरतलब तो यह है कि जांच की फर्जी रिपोटिंग में माहिर लेखपाल अमृत लाल जांच के समय उन्ही हरिश्चंद्र कथा सुरेश कुमार को बुलाकर फोटो खींचता है बयान लिखता है और अपने अधिकारियों को भेज देता है शिकायतकर्ता को कानों कान जांच की खबर नहींलग पाती इसी वजह से भू माफियाओं के हौसले बढ़े हुए हैं भू माफियाओं के चंगुल से अपनी पुश्तैनी जमीन को मुक्त कराने के लिए लालता प्रसाद ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगायी है



# जलभराव व बाढ पर पूरी तरह से नजर व सर्तकता, बाढ चौकियों को पूरी तरह से सक्रिय : वैभव

**क्षेत्र वासियों को को.विड–19 के प्रति जागरूक व सोशल डिस्टेसिंग व मास्क का प्रयोग के लिए करे प्रेरित : डीएम**

**लोगों को अनावश्यक रूप से नदी, जल भराव पानी, तालाब आदि के पास शेष दूर रहे : डीएम**

रायबरेली जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बरसात को देखते हुए अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत/नगर पालिका, समस्त एसडीएम को निर्देश दिये कि बरसात को देखते हुए जलभराव, जल जमाव आदि के प्रति सर्तक व सवेदशील रहकर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए आमजन को राहत दे। समस्त एसडीएम को निर्देश दिये है कि कोविड–19 कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं जनपद के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में जलभराव पर नजर रखे इसके अलावा बाढ चौकियों को पूरी तरह से सक्रिय रखें साथ ही क्षेत्र वासियों से कहें कि अनावश्यक रूप से जल भराव पानी, तालाब आदि के पास शेष दूर रहे। बाढ़ राहत व कोविड–19 की रोकथाम हेतु किये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यो के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए प्रचार–प्रसार भी करें। बाढ़ राहत केन्द्र जो भी बनाये गये या बनाये जाये उन्हें पुनः देख लें की ऊँचे स्थानां पर बनाया जाये। लोगों को नदी, नालों तालाबों आदि बाढ वाले स्थानों से दूर रखा जाये तथा जल के बहाव व बढ़ते स्तर पर भी नजर रखी जाये।

सईनदी के किनारे अन्य नदी के पानी के बहाव को भी निरन्तर नजर रखने के साथ ही बाढ चौकिया भी एलट रहे कितनी नाव है इसकी भी पूरी सूची रहे। पीने के पानी की व्यवस्था भी दुरूस्त रहे। आपदा प्रबन्धन पूरी तरह से सक्रिय रहने के साथ ही असामजिक तत्वों अफवाह फैलाने वालो पर भी कड़ी नजर रखी जाये। जलभराव की स्थिति को देखते हुए जलभराव से लोगों को निजात दिलाये। पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका जहां–जहां गढ्ढे है उनमें कही पानी भरा हो तो उन गढ्ढों को भरवा दें तथा जल भराव कि समस्या से लोगों को निजात दिलायें। पशु चिकित्साधिकारी गौ–आश्रय स्थलों की व्यवस्था को सुदृढ़ रखते हुए गौवंश के चारे की व्यवस्था को दुरूस्त रखे करें।

आमजनमानस को कोविड–19 के संक्रमण के द्वारा जागरूक किया जाये। पर्वो को सार्वजनिक रूप से मनाया जाना स्थगित किया गया है अपने–अपने घरों में सोशल डिस्टेसिंग के माध्यम व मास्क लगाकर पर्वो को मनाये। मोहर्रम व गणेश चतुर्थी पर्वो को कोविड–19 संक्रमण के बढ़ते प्रसार को देखते हुए शासन द्वारा निर्देश दिये है कि किसी भी स्थानों पर जुलूस/ताजिया, मूर्तियों की स्थापना व विसर्जन पर प्रतिबन्ध है एसडीएम व सीओ तथा सम्बन्धित अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर शासन द्वारा दिये गये निर्देशों को कड़ाई से अनुपालन किया जाये।

किसी भी प्रकार की भीड़–भाड़ उत्पन्न न हो। जनपद में कानून व्यवस्था एवं शान्ति व्यवस्था को दुरूस्त रखा जाये।

साफ–सुथरा रखने के साथ ही सुरक्षा के पुखता इंतेजाम रहें। यातायात बाधित न हो ट्रैफिक आदि की भी व्यवस्था पुरी तहर से दुरूरत रखी जाये। इसके अलावा आपदा प्रबन्धन की दृष्टि से सक्रिय रखा जाये।




## जलभराव से परेशान है नई बस्ती के लोग

जगतपुर रायबरेली कस्बे में पानी टंकी के पीछे आबाद हुई नई बस्ती के लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ रहा है ।

जल निकासी की कोई व्यवस्था ना होने के कारण बरसात का पानी गली में मकान के सामने भरा रहता है नई बस्ती के लोगों का कहना है ।

कि नाली बनवाने के लिए हम लोगों ने कई बार ब्लॉक में जाकर शिकायत दर्ज कराई और ग्राम प्रध.ान से मिलकर इस समस्या को दूर करने का अनुरोध किया किंतु ।

हम नई बस्ती के लोगों के सामने आज भी जलभराव की समस्या बनी हुई है अधिक बरसात हो जाने पर गली में भरा हुआ पानी घर से निकलने वालों के लिए मुसीबत बन जाता है

नई बस्ती सहीद खान मो, अकबर मो, इमरान मो, हलीम , मो, क़य्यूम मो, अबरार मो, मुबीन डॉ मुदासिर के लोगो ने जिलाधि.ाकारी से समस्या से निजात दिलाने की मांग की ।

